चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 26 | अंक : 112 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 14 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


### षष्ठम कात्यायनी



आज मां भगवती के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूजा-अर्चना होगी। माता ने अपने इस पुत्री स्वरूप से पिता के कुल की रक्षा का संदेश दिया है। कात्यायन ऋषि ने तपकर देवी से वरदान मांगा कि आप पुत्री रूप में मेरे कुल में जन्म लें। देवी ने कात्यायन ऋषि की प्रसन्नता के लिए अपना अजन्मा स्वरूप त्याग कर पुत्री रूप में जन्म लिया। सामान्यत: पुत्री का गोत्र पति के गोत्र से चलता है, लेकिन यहां देवी सदा-सर्वदा के लिए पिता के गोत्र से जुड़ गई। इसी कारण देवी का नाम कात्यायनी पड़ा। इस रात्रि जागरण और जप करने से साधक को सहज ही माता कात्यायनी की कृपा का लाभ मिलता है। नवरात्र की षष्ठी माता सरस्वती को समर्पित है।

# भाजपा का घोषणा पत्र

# 'यूसीसी' देशहित में जरूरी... मोदी का वादा-आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी मुफ्त आनाज योजना

**नई दिल्ली( एजेंसी )।**

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। भाजपा के घोषणापत्र में कई बड़े-बड़े एलान किए गए हैं। भाजपा के घोषणापत्र में 24 गारंटियां दी गई है। जिनमें गरीब परिवारों की सेवा की गारंटी, मध्यम वर्ग को गारंटी, नारी शक्ति के सशक्तिकरण की गारंटी, युवाओं को अवसर की गारंटी, वरिष्ठ नागरिकों को वरीयता की गारंटी, किसानों को सम्मान की गारंटी, मतस्य पालकों को गारंटी, श्रमिकों को सम्मान की गारंटी, एमएसएमई, छोटे व्यापारियों के सशक्तिकरण की गारंटी, सबका साथ-सबका विकास की गारंटी, विश्वबंधु भारत की गारंटी, सुरक्षित भारत की गारंटी, समृद्ध भारत की गारंटी, देश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने की गारंटी, विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर, ईज ऑफ लिविंग की गारंटी, विरासत भी विकास की भी गारंटी, सुशासन की गारंटी, स्वस्थ भारत की गारंटी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी, खेल के विकास की गारंटी, तकनीक और नवाचार की गारंटी, पर्यावरण अनुकूल भारत की गारंटी दी गई है।



## संकल्प पत्र में मुफ्त बिजली से लेकर कई सारे वादे किए हैं

- भाजपा ने देश के लोगों से फ्री बिजली से लेकर 5 साल तक मुफ्त राशन की व्यवस्था जारी रखने का वादा किया है।
- इसी के साथ संकल्प पत्र में 3 करोड़ नए घर बनाने का भी वादा है।
- पीएम सूर्यघर बिलजी योजना को लॉन्च कर लोगों को ज्यादा बिजली बनाकर पैसे कमाने का भी अवसर दिया जाएगा।
- मुद्रा युजना की सीमा अब 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दी गई है।
- संकल्प पत्र में भाजपा ने वादा किया है कि वो जल्द देश में यूसीसी लागू करेंगे।
- भाजपा ने वरिष्ठ नागरिकों से भी एक खास वादा किया है। पीएम मोदी ने कहा कि अब आयुष्मान योजना के दायरे में 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को लाया जाएगा।
- आयुष्मान योजना के दायरे में अब ट्रांसडजेंडर भी आएंगे।
- संकल्प पत्र में वादा किया गया है कि दिव्यांगों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी।
- संकल्प पत्र जारी करते हुए पीएम मोदी ने दो बड़ी बातें भी कही। पीएम ने कहा कि हम देश में वन नेशन वन इलेक्शन को लागू करने पर कदम बढ़ाएंगे और आगे भी भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई जारी रखेंगे।

## महिलाओं के लिए खास वादे

पार्टी ने कहा कि उसने पहले 1 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए सशक्त बनाया। अब वो तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए सशक्त बनाएंगे। संकल्प पत्र में कहा गया कि महिलाओं के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करते हुए एनीमिया, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम और कमी पर केंद्रित मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। सर्वाइकल कैंसर को खत्म करने के लिए एक केंद्रित पहल शुरू की जाएगी। भाजपा ने कहा कि हमने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू किया है। हम संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए इसे व्यवस्थित रूप से लागू करेंगे।


## युवाओं के लिए ये वादा

पेपर लीक रोकने के लिए कानून लागू लाया जाएगा। पार्टी ने कहा कि देश भर में भर्ती परीक्षाओं में भ्रष्टाचार रोकने के लिए एक सख्त कानून बनाया गया है। अब युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए इस कानून को सख्ती से लागू किया जाएगा।

## किसानों पर भी फोकस

संकल्प पत्र में कहा गया है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 6000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता किसानों को दी जा रही है और भाजपा उसे आगे भी जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पार्टी ने कहा कि वो कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर और सिंचाई सुविधाओं को और बहतर बनाने के लिए कदम उठाएगी। इसके लिए कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन शुरू किया जाएगा। संकल्प पत्र में समय-समय पर एमएसपी में वृद्धि की भी बात कही गई है।

# पूर्व मंत्री मदन चौहान बन गए भाजपाई, ले ली सदस्यता



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में रह कर तीन बार गढमुक्तेश्वर से विधायक रहे पूर्व मंत्री मदन चौहान भी अब भाजपाई बन गए हैं। शनिवार को नोएडा की एक जन सभा में मदन चौहान ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। मदन चौहान नोएडा से लेकर पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक प्रमुख राजनीतिक चेहरा हैं। नोएडा में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मदन चौहान ने कहा है कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए है।

आपको बता दें कि शनिवार को नोएडा में भारतीय जनता पार्टी की जन सभा थी। इस जन सभा में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को आना था। मौसम खराब होने के कारण अमित शाह नोएडा नहीं पंहुच पाए। इसी जन सभा में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री मदन चौहान ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता गृहण कर ली। नोएडा सीट से चुनाव लड रहे भाजपा के सांसद डा. महेश शर्मा की मौजूदगी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने मदन चौहान को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान नोएडा से विधायक पंकज सिंह, जेवर से विधायक धीरेन्द्र सिंह, नोएडा भाजपा के अध्यक्ष मनोज गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भाजपा के नेता नोएडा की जन सभा के मंच पर मौजूद थे।

मदन चौहान लम्बे अर्से से नोएडा शहर में रहते हैं। उन्होंने अपनी राजनीति पार्टी की शुरूआत नोएडा शहर से ही की थी। धीरे-धीरे उनका राजनीतिक कद तथा पद दोनों बढ़ते चले गए। इस बीच वे गाजियाबाद जिले (अब हापुड़) की गढमुक्तेश्वर विधानसभा सीट पर सक्रीय हुए।

मदन चौहान नोएडा शहर में रहते हुए भी गढ़मुक्तेश्वर से तीन बार विधायक चुने गए। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की सरकार में मदन चौहान उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री बने। मदन चौहान को नोएडा से लेकर पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश में एक प्रमुख नेता के रूप में गिना जाता है। ठाकुर समाज से भारतीय जनता पार्टी की नाराजगी के बीच मदन चौहान का भाजपा में शामिल होना एक बड़ी राजनीतिक घटना के तौर पर देखा जा रहा है।

## नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा के अनेक नेता बने भाजपाई

शनिवार को नोएडा में हुई भाजपा की जनसभा में नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सक्रीय अनेक नेता भाजपा में शामिल हुए। नोएडा शहर में रहने वाले किसान नेता बेगराज गुर्जर, ग्रेटर नोएडा में रहने वाले कांग्रेस के पूर्व विधान सभा प्रत्याशी मनोज चौधरी, ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के सक्रीय आम आदमी पार्टी (आप) के प्रत्याशी संजय चेची ने भी नोएडा की जनसभा में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

# मल्लिकार्जुन खरगे का आशीर्वाद लेने पहुंचे संजय सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मुलाकात की। इससे पहले उन्होंने खड़गे से मुलाकात को लेकर अपना एजेंडा बताया। बता दें, जेल से बाहर आने के बाद संजय सिंह पहली बार आईएनडीआईए गठबंधन के किसी नेता से मुलाकात के लिए पहुंचे हैं।

संजय सिंह ने बताया कि मल्लिकार्जुन खड़गे हमेशा सदन में हमें प्रोत्साहित करते हैं। वह हमारे विपक्ष के नेता हैं। जेल से बाहर आने के बाद मैंने उनसे मिलने का मन बनाया और आगामी चुनाव को लेकर उनसे आशीर्वाद लेनी चाही। दूसरी बात, हम उनके सामने आईएनडीआईए गठबंधन के न्यूनतम साझा कार्यक्रम के प्रस्ताव को भी रखेंगे। इस प्रस्ताव में हम उन मुद्दों को रखेगे, जिसमें गठबंधन की सरकार बनने के बाद हम जनता से जुड़े मुद्दे को आगे बढ़ा सकें।



उन्होंने कहा कि जेल से रिहा होने के बाद मुझे उनसे मिलना था और आने वाली लड़ाई के लिए उनका आशीर्वाद लेना था। जिस तरह से अरविंद केजरीवाल जी और दूसरे विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है, उससे देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में हैं, हमें देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई लड़नी है।

इससे पहले, बाबा साहेब की जयंती पर आम आदमी पार्टी कार्यालय में आयोजित संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ कार्यक्रम में आप नेता संजय सिंह ने कहा कि आज देश में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

# नदी में गिरी कार, चार लोगों की मौत




**देहरादून/बागेश्वर( एजेंसी )।** बागेश्वर-धरमघर मोटर मार्ग के भाटनीकोट कफलखेत के पास आज सुबह एक कार पुंगर नदी में गिर गई। हादसे में दो सगे भाइयों समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसे की वजह चालक को झपकी आना माना जा रहा है।

पुलिस के अनुसार रीमा की ओर से आल्टो कार (डीएल-2 सी- एएम-0169) से चार लोग बागेश्वर आ रहे थे। करीब पांच बजे चिड़ग गधेरे से आगे कफलखेत के पास कार असंतुलित होकर पुंगर नदी में गिर गई।

हादसे में 25 वर्षीय नीरज कुमार व 22 वर्षीय दीपक आर्य पुत्रगण हरीश राम के अलावा 26 वर्षीय चालक कमल प्रसाद व 26 वर्षीय लक्ष्मण राम की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर अग्निशमन अधिकारी गोपाल रावत टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

उन्होंने ग्रामीणों की मदद से शव नदी से बाहर निकाले। चारों गांव से बागनाथ मंदिर के दर्शन व स्नान को आ रहे थे। इसके बाद गांव में भंडारे का आयोजन भी था। कोतवाल कैलाश नेगी ने बताया कि प्रथमदृष्ट्या हादसे का कारण चालक को झपकी आना लग रहा है।

# राजपूत समाज नौएडा ने भाजपा को समर्थन दिया



**नोएडा ( चेतना मंच )।** मामूरा सैक्टर-66,नौएडा मे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जुगराज चौहान के निवास पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में नोएडा के राजपूतों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में लोकसभा चुनाव पर गंभीर चर्चा हुई जिसमे एकजुटता से सर्वसम्मति से देश हित व विकसित भारत को ध्यान में रखकर निर्णय लिया गया कि आगामी लोकसभा चुनाव में डा. महेश शर्मा भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताएंगे। ताकि भाजपा का 400 पार का नारा साकार हो सके। भाजपा ने राजपूतों की नाराजगी भापते हुए प्रदेश में राजपूत समाज के 09 प्रत्याशी बनाए हैं तब जाकर राजपूतों का उबाल शांत हुआ है। और भाजपा को समर्थन देने का निश्चय किया। इस बैठक की अध्यक्षता एमिटी ग्रुप्स के मैनेजिंग डायरेक्टर आनंद कुमार चौहान ने की।

इस अवसर पर डॉ विजय सिंह चौहान निदेशक प्रकाश अस्पताल, पूर्व मंत्री मदन चौहान, रोहतास सिंह चौहान इतिहासकार, ठा.मानसिहँ चौहान अध्यक्ष वीर कुँवर सिहँ शोध सँस्थान, ठा.करतार सिंह चौहान सचिव, ठा.एन पी सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.डी.आर डब्लू ए.ठा.कुलदीप सिहँ परमार, ठा.एल.पी.सिहँ, ठा.एम.पी.सिहँ सुभाष चौहान, आर के सिंह,महेश चौहान, संजय चौहान, अशोक चौहान मा.मँगतसिहँ, छलेरा मा.ब्रह्म सिहँ तोमर, सपा नेता ठा.श्याम सिंह, करण सिंह चौहान,पूर्व आईएएस, प्रेम सिंह चौहान, सुचेत चौहान नम्बरदार, इंदर चौहान, राकेश चौहान, सुमंत चौहान, ओमकार चौहान शरद चौहान सँजू चौहान सहित राजपूत समाज के सैकडो गणमान्य लोग मौजूद थे।

# गंगाजल की सप्लाई बंद होने से नोएडा के लोगों को नहीं मिल रहा पानी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार प्लांट से गंगाजल की सप्लाई बंद होने का असर नोएडा में दिखने में लगा है। नोएडा के कई इलाकों में पानी नहीं मिलने और गंदा पानी आने की शिकायत नोएडा प्राधिकरण अधिकारियों से की गई। नोएडा जल विभाग के अधिकारियों ने नलकूप, रेनीवेल और यूजीआर से पानी देने का दावा नोएडा के लोगों से किया है।

दरअसल छिजारसी के पास तीन दिन मरम्मत कार्य कराए जाने के कारण अभी नोएडा के लोगों को गंगाजल नहीं मिल रहा है। दावा है कि 16 अप्रैल से नोएडा के लोगों को पूरी क्षमता से गंगाजल मिलना शुरु हो जाएगा। सिद्धार्थ विहार गंगाजल प्लांट और जल निगम गाजियाबाद के अधिशासी अभियंता उन्मेश शुक्ला ने बताया कि छिजारसी के पास गंगाजल लाइन में फाल्ट है। इसका मरम्मत कार्य कराया जाना जरूरी थी। इसके लिए 13 से 15 अप्रैल तक 100 क्यूसेक प्लांट बंद रखा जाएगा।




आपको बता दें कि शुक्रवार शाम छह बजे से सिद्धार्थ विहार गंगाजल प्लांट को बंद कर दिया गया है। सिद्धार्थ विहार गंगाजल प्लांट से ट्रांस हिंडन और नोएडा शहर में होने वाली गंगालजल की आपूर्ति बंद रखी जाएगी। संभवत 16 अप्रैल से नोएडा शहर को गंगाजल देना शुरू कर दिया जाएगा। जबकि 50 क्यूसेक वाले प्लांट से 20 क्यूसेक गंगाजल नोएडा को दिया जा रहा है। वहीं नोएडा शहर के कई सेक्टर, सोसायटी और इलाकों में शुक्रवार और शनिवार को गंदे पानी की आपूर्ति हुई।

## 20 दिनों से आ रहा मिट्टी मिला हुआ पानी

नोएडा के सेक्टर 82 निवासी राहुल ने बताया कि पाकेट सात में गंदे और बदबूदार पानी की स्पलाई की जा रही है। कई जगह पर कम दबाव से पानी आने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों को अन्य विकल्प से पानी भंडारित करने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं नोएडा के सेक्टर 122 निवासी भूषण ने बताया कि ब्लाक पीके में गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। 20 दिनों से पानी नमकीन और मिट्टी मिला हुआ आ रहा है। इससे पानी का उपयोग पीने में नहीं हो पा रहा है। इसकी शिकायत अवर अभियंता से की जा रही है, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है।

## आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने दी जानकारी

नोएडा शहर के सेक्टर 23 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि बी 15 से 30 वाली लाइन में लोगों को कई दिनों से कम दबाव से पानी मिल रहा है। तीन माह पहले पुरानी लाइन बदलवाने के लिए पत्र लिखा गया था लेकिन काम नहीं हो सका। अब लाइन की मरम्मत कराई गई तो लाइन में से पेड़ों की जड़ निकल रही हैं।


**RADIANT ACADEMY**
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com

**RADIANT ACADEMY**
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com

Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty ● well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses

# आतंकी की हिमायत

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो की विडंबना है कि जिस मुद्दे पर वे गंभीरता दर्शाना चाहते हैं, उसी में घिर जाते हैं। कनाडा के अल्पसंख्यकों के अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अच्छी बात है, लेकिन अगर इस बहाने वे एक आतंकवादी की हत्या के लिए भारत को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करते हैं, तो यह उनकी नाहक जिद ही कही जाएगी। गौरतलब है कि बुधवार को एक समिति के सामने गवाही में उन्होंने एक बार फिर खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का मुद्दा उठाया और परोक्ष रूप से भारत की ओर अंगुली उठाई। ट्रूडो ने इस मसले को हवा देते हुए कहा कि उनकी सरकार कनाडा के सभी लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए खड़ी है। अपने नागरिकों के हित और हक की रक्षा करना किसी भी देश की सरकार का दायित्व है। मगर क्या इस बहाने उसे किसी अन्य देश के खिलाफ काम करने वाले तत्त्वों का समर्थन करने का अधिकार भी मिल जाता है? कनाडा के प्रधानमंत्री अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक तकाजों को ताक पर रख कर ऐसा करना चाहते हैं, तो यह उनका चुनाव हो सकता है। लेकिन उनके इस रुख का औचित्य इससे भी तय होगा कि क्या उनके बयानों से किसी अन्य देश की संप्रभुता पर आंच आती है! निज्जर की हत्या को अब दस महीने हो गए हैं। ट्रूडो ने इस घटना के लिए भारत पर अंगुली उठाई थी, जबकि भारत ने इससे साफ इनकार किया। विडंबना है कि अपने आरोप दोहराते हुए ट्रूडो अब तक मांगे जाने के बावजूद निज्जर की हत्या से संबंधित कोई भी ठोस सबूत देने में नाकाम रहे हैं। उन्हें यह समझने की जरूरत है कि कनाडा के प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए अगर वे निज्जर हत्या में भारत का हाथ होने की बात कहते हैं तो इसका असर अंतरराष्ट्रीय पटल पर क्या पड़ता है! आखिर निराधार आरोप की बुनियाद पर भारत को कठघरे में खड़ा करके उन्हें अपने देश में क्या हासिल हो जाएगा? उनकी इस नाहक जिद की वजह से भारत की छवि पर जो असर पड़ता है, उसकी भरपाई क्या वे कर पाएंगे?

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि परंतु जो वैराग्यवान और धीरबुद्धि पुरुष हैं वही स्त्री को त्याग सकते हैं, न कि वे कामी पुरुष, जो विषयों के वश में हैं (उनके गुलाम हैं) और श्री रघुवीर के चरणों से विमुख हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सोउ मुनि ग्याननिधान मृगनयनी बिधु मुख निरखि।**
**बिबस होइ हरिजान नारि बिष्नु माया प्रगट॥**

वे ज्ञान के भण्डार मुनि भी मृगनयनी (युवती स्त्री) के चंद्रमुख को देखकर विवश (उसके अधीन) हो जाते हैं। हे गरुड़जी! साक्षात भगवान विष्णु की माया ही स्त्री रूप से प्रकट है॥

**इहाँ न पच्छपात कछु राखउँ। बेद पुरान संत मत भाषउँ॥**
**मोह न नारि नारि कें रूपा। पन्नगारि यह रीति अनूपा॥**

यहाँ मैं कुछ पक्षपात नहीं रखता। वेद, पुराण और संतों का मत (सिद्धांत) ही कहता हूँ। हे गरुड़जी! यह अनुपम (विलक्षण) रीति है कि एक स्त्री के रूप पर दूसरी स्त्री मोहित नहीं होती॥

**माया भगति सुनहु तुम्ह दोऊ। नारि बर्ग जानइ सब कोऊ॥**
**पुनि रघुबीरहि भगति पिआरी। माया खलु नर्तकी बिचारी॥**

आप सुनिए, माया और भक्ति- ये दोनों ही स्त्री वर्ग की हैं, यह सब कोई जानते हैं। फिर श्री रघुवीर को भक्ति प्यारी है। माया बेचारी तो निश्चय ही नाचने वाली (नटिनी मात्र) है॥

**भगतिहि सानुकूल रघुराया। ताते तेहि डरपति अति माया॥**
**राम भगति निरुपम निरुपाधी। बसइ जासु उर सदा अबाधी॥**

श्री रघुनाथजी भक्ति के विशेष अनुकूल रहते हैं। इसी से माया उससे अत्यंत डरती रहती है। जिसके हृदय में उपमारहित और उपाधिरहित (विशुद्ध) रामभक्ति सदा बिना किसी बाधा (रोक-टोक) के बसती है,॥

**तेहि बिलोकि माया सकुचाई। करि न सकइ कछु निज प्रभुताई॥**
**अस बिचारि जे मुनि बिग्यानी। जाचहिं भगति सकल सुख खानी॥**

उसे देखकर माया सकुचा जाती है। उस पर वह अपनी प्रभुता कुछ भी नहीं कर (चला) सकती। ऐसा विचार कर ही जो विज्ञानी मुनि हैं, वे भी सब सुखों की खानि भक्ति की ही याचना करते हैं॥

(क्रमशः....)

# गाजियाबाद के 'भगवा' किले पर क्या फहराएगा 'तिरंगा'?

देश की राजधानी नई दिल्ली से सटी औद्योगिक नगरी गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है। आम चुनाव 2024 के तहत यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा, इसलिए पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक तपिश बढ़ती जा रही है। यहां की मुख्य चुनावी लड़ाई एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग और इंडिया गठबंधन की कांग्रेस-सपा-आप प्रत्याशी डॉली शर्मा के बीच होगी। हालांकि दलित और क्षत्रिय वोटों के सहारे बसपा प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर इस लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने में सफल हो जाएंगे। यदि ऐसा हुआ तो सियासी ऊंट किस करवट बैठेगा, कुछ कहा नहीं जा सकता।

पहला फैक्टर है- शहरी बनाम ग्रामीण। आमतौर गाजियाबाद महानगर के शहरी इलाकों में जहां भाजपा की पैठ मजबूत है, वहीं ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की पकड़ मजबूत है। वर्तमान में सपा कांग्रेस की सहयोगी पार्टी है। जबकि बसपा की पैठ शहरी/ग्रामीण दोनों इलाकों के जातिविशेष में है। बता दें कि गाजियाबाद की 70 प्रतिशत आबादी शहरों में और 30 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। इस मामले में कांग्रेस पर भाजपा भारी पड़ सकती है।

दूसरा फैक्टर है- जातीय समीकरण। जो किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में विरले ही जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक, कुल 29 लाख 38 हजार 845 मतदाताओं वाली इस सीट पर सर्वाधिक 18 प्रतिशत ब्राह्मण, 15 प्रतिशत मुस्लिम, 14 प्रतिशत ठाकुर, 12 प्रतिशत गुर्जर, 10 प्रतिशत वैश्य, 16 प्रतिशत वंचित और 15 प्रतिशत अन्य मतदाता हैं। चूंकि भाजपा ने वैश्य, कांग्रेस ने ब्राह्मण और बसपा ने क्षत्रिय प्रत्याशी उतारे हैं। ये तीनों जाति भाजपा की हार्ड कोर समर्थक मानी जाती है।

शायद इसलिए भी कांग्रेस और बसपा ने उसी में सेंध लगाने की पहल की है। हालांकि, जातीय समीकरण भी अभी भाजपा के पक्ष में है क्योंकि उसने दलित, पिछड़े व पसमांदा मुसलमानों को जोड़ने की पहल शिद्दत पूर्वक की है, जबकि कांग्रेस इसे तोड़ने के लिए तरह-तरह के प्रयोग/उपाय कर रही है। लिहाजा, यहां भी भाजपा का पलड़ा कांग्रेस पर भारी है।

राजनीतिक विश्लेषकों की राय है कि पिछले 2 लोकसभा चुनावों से काँग्रेस के वोट बैंक में भाजपा सेंध लगा चुकी है, जिसे



**गाजियाबाद लोकसभा सीट की मुख्य चुनावी लड़ाई एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग और इंडिया गठबंधन की कांग्रेस-सपा-आप प्रत्याशी डॉली शर्मा के बीच होगी। हालांकि दलित और क्षत्रिय वोटों के सहारे बसपा प्रत्याशी नंद किशोर पुंडीर इस लड़ाई को त्रिकोणात्मक बनाने में सफल हो जाएंगे।**

वापस पाना अब भी कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्योंकि गरीबी हटाओ के नारे पर हिंदुत्व भारी पड़ चुका है। क्षद्म धर्मनिरपेक्षता पर राष्ट्रवाद हावी होकर बोल रहा है। वहीं, जातिविशेष पर बसपा की पकड़ से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए मौजूदा चुनावी लड़ाई दिलचस्प मोड़ लेती जा रही है।

तीसरा फैक्टर है- सांप्रदायिक गोलबंदी। यह बात साफ है कि भाजपा को हिंदुओं के वोट थोक भाव में मिलते हैं, जबकि अल्पसंख्यक समाज का वोट रणनीतिक रूप से थोड़ा-बहुत। वहीं, कांग्रेस व उसके समाजवादी समर्थकों को अल्पसंख्यक समाज का वोट थोक भाव में मिलता है, जबकि बहुसंख्यक हिंदुओं के वोट जातीय आधार पर रणनीतिक रूप से थोड़ा बहुत। आंकड़े गवाह हैं कि जहां भी सांप्रदायिक गोलबंदी होती है, वहां भाजपा को ज्यादा, कांग्रेस को कम फायदा मिलता है। वहीं, अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में यह स्थिति उलट जाती है।

चौथा फैक्टर है- सरकारी कामकाज और विभिन्न मुद्दे। इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग जहां मोदी सरकार और योगी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। अपने शहर विधायक होने और उत्तरप्रदेश में राज्यमंत्री के रूप में सेवा देने के बारे में भी बता रहे हैं। साथ ही राष्ट्रीय मुद्दों की भी बात कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा कोरोना काल में अतुल गर्ग के यूपी के स्वास्थ्य राज्यमंत्री रहते हुए भी उनके द्वारा बरती गई लापरवाही पर लगातार उन्हें घेर रही हैं। इसके अलावा, भाजपा द्वारा केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह का टिकट काटने पर भी उनकी पार्टी को आड़े हाथों ले रही हैं। यही नहीं, स्थानीय मुद्दों पर भी उन्हें लगातार घेर रही हैं। उनका आरोप है कि विगत 15 सालों से भाजपा के सांसद हैं, लेकिन मलिन बस्तियों तक विकास की किरण नहीं पहुंची है। गांवों में भी विकास नदारत है। इसलिए उन्होंने दो टूक कहा है कि गाजियाबाद का चुनाव वो स्थानीय मुद्दों पर भी लड़ेंगी। क्योंकि शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रदूषण, स्वच्छता, सुरक्षा, मेट्रो पहुंच आदि को वह सबके अनुकूल करने का इरादा रखती हैं। महंगाई व बेरोजगारी दूर करने का जज्बा रखती हैं। यहां पर कांग्रेस का पलड़ा कैंडिडेट के तेवर की वजह से भारी है और यही तेवर उनकी असली सियासी पूंजी है।

पांचवां फैक्टर है- संगठन और उसके दांवपेंच। इस मामले में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं कर सकता है, क्योंकि उसके ऊपर आरएसएस का परोक्ष हाथ हमेशा से ही रहता आया है। कांग्रेस भी अपने सेवा दल के सहारे देश पर लंबे समय तक राज कर चुकी है, जो अब कमजोर हो चुकी है। वहीं, नई आर्थिक नीतियों के दुष्परिणाम स्वरूप समाज में ऐसी प्रतिस्पर्धा बढी कि सेवा भाव अब लगभग गायब होते जा रहा है और श्रम मूल्य सामाजिक जीवन में प्रभावशाली स्थान लेता जा रहा है।

वहीं, कांग्रेस की सहयोगी पार्टी सपा और आप के कैडर तो हैं, लेकिन ये भाजपा की रणनीति का मुकाबला कितने कारगर ढंग से कर पाते हैं, सबकुछ इस बात पर ही निर्भर करेगा। हालांकि पारस्परिक समन्वय बिठाना कोई बच्चों का खेल नहीं है। वहीं, बसपा के पास लगभग 20 प्रतिशत कैडर वोट है, जिसके सहारे भारतीय राजनीति में उसकी पूछ निरंतर बनी हुई है। जबकि गत 12 वर्षों से वह यूपी की सत्ता से बाहर है।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या मीडिया और सोशल मीडिया में अक्सर छाई रहने वाली कांग्रेस प्रत्याशी क्या भगवा किले पर कांग्रेसी तिरंगा फहरा पाएंगी? क्या लुंज-पुंज कांग्रेस संगठन के सहारे वह अपने गठबंधन सहयोगियों को साधकर अपना लक्ष्य पूरा कर पाएंगी? क्या अपनी आक्रामक सियासी शैली से वह शांतिप्रिय व सुशिक्षित शहरी मतदाताओं को लुभा पाएंगी? क्या सियासी रूप से अनुभवहीन लोगों की फौज का नेतृत्व करते हुए वह गाजियाबाद के मैदान को फतह कर पाएंगी? सधा हुआ जवाब तो यही मिल रहा है कि आज की तिथि में दिल्ली उनके लिए बहुत दूर तो नहीं, बल्कि सन्निकट भी नहीं है। आने वाले दिनों में उन्हें कई सियासी पापड़ भी बेलने पड़ेंगे, लेकिन सवाल फिर वही कि क्या वह ऐसा कर पाएंगी? यदि नहीं तो अतुल का अतुलित सियासी बल उन्हें इस बार भी मात दे सकता है!

**- कमलेश पांडेय**
(वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक)

# जब झुंझुनू से चुनाव हार गए थे उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला

देश में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी जगह चुनावी चर्चाएं जोरों से चल रही है। झुंझुनू जिले में 1971 का लोकसभा चुनाव पूरे देश में चर्चित रहा था। उस समय देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में शुमार बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला स्वतंत्र पार्टी से झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतरे थे। उनके सामने कांग्रेस पार्टी ने एक साधारण किसान के घर जन्मे शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतारा था। पिलानी के रहने वाले बड़े उद्योगपति घनश्याम दास बिड़ला के सुपुत्र कृष्ण कुमार बिड़ला का उस समय देश के उद्योग जगत में एक बड़ा नाम होता था। लाखों की संख्या में लोग बिड़ला घराने के औद्योगिक संस्थानों में काम करते थे।

दूसरी तरफ बैंकों के राष्ट्रीयकरण व पाकिस्तान युद्ध में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की देशभर में हवा चल रही थी। उस समय देश में इंदिरा गांधी आई है, नई रोशनी लाई है नारा बहुत चर्चित हुआ था। उस नारे की बदौलत देश में कांग्रेस की ऐसी हवा चली थी कि विपक्ष के कई बड़े धुरंधर नेता चुनाव हार गए थे। इंदिरा गांधी ने बिड़ला घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने के लिए जिले के धमोरा गांव के शिवनाथ सिंह गिल को चुनाव मैदान में उतार दिया था। उस समय शिवनाथ सिंह गिल गुड़ा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक थे।

चुनाव में एक तरफ देश के सबसे धनवान प्रत्याशी थे तो दूसरी तरफ कांग्रेस के एक साधारण किसान चुनाव लड़ रहा था। उस वक्त के चुनाव में धनवान बनाम किसान का नारा लगा था। स्वतंत्र पार्टी के प्रत्याशी कृष्ण कुमार बिड़ला ने अपने कल कारखानों में कार्यरत झुंझुनू जिले के सभी लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था। बिड़ला की ओर से बड़े भव्य तरीके से चुनाव लड़ा जा रहा था तथा जमकर पैसा खर्च किया जा रहा था। वहीं दूसरी तरफ शिवनाथ सिंह गिल सामान्य प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे थे।

जब चुनाव नतीजे आए तो सभी राजनीतिक पर्यवेक्षक दंग रह गए। ब?-ब? राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की भविष्यवाणी फेल हो गई। देश के सबसे ब? उद्योगपति परिवार के कृष्ण कुमार बि?ला को कांग्रेस के एक किसान परिवार के प्रत्याशी शिवनाथ सिंह गिल ने 98949 वोटो के अंतर से चुनाव हार दिया था। उस चुनाव में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल को 223286 यानी 59.79 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं स्वतंत्र पार्टी के कृष्ण कुमार बिड़ला को



**हरियाणा सीमा पर स्थित राजस्थान का झुंझुनू जिला एक तरफ जहां पूरे देश में सैनिकों के लिए जाना जाता है। वहीं दूसरी तरफ देश के बहुत से बड़े-बड़े उद्योगपति भी झुंझुनू जिले के रहने वाले हैं। हालांकि सभी बड़े उद्योगपति झुंझुनू जिले से बाहर जाकर अपना व्यवसाय बढ़ा कर उद्योग जगत में अपना नाम कमाया है। मगर कई बार औद्योगिक घरानो के परिवार के सदस्य अक्सर झुंझुनू आते रहते हैं। इसी तरह भारतीय सेना में देश में किसी एक जिले से सबसे अधिक सैनिक झुंझुनू जिले के जवान है। वही देश में सबसे अधिक शहीद भी झुंझुनू जिले के सैनिक हुए हैं।**

124337 यानी 33.30 प्रतिशत वोट मिले थे। कामरेड घासीराम को 9548 वोट, हणुताराम को 5073 वोट, बलदेव प्रसाद को 3143 वोट, दुलाराम को 3013 वोट, महादेव प्रसाद को 2113 वोट, बृजमोहन को 1801 वोट, तारावती को 1113 वोट मिले थे। उस चुनाव में मुल 9 प्रत्याशी खड़े हुए थे। मगर मुख्य मुकाबला कृष्ण कुमार बिड़ला व शिवनाथ सिंह गिल के बीच ही हुआ था।

लोकसभा चुनाव में हारने के बाद बिड़ला परिवार का झुंझुनू जिले से मोह भंग हो गया और उन्होंने अपनी जन्म भूमि पिलानी में एक शैक्षणिक संस्थान बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (बिट्स) के अलावा और कोई भी ऐसा काम नहीं किया जो जिले की जनता के काम आ सके। हालांकि बाद में कृष्ण कुमार बिड़ला कांग्रेस के टिकट पर 1984 से 2002 तक लगातार 18 वर्षों तक राज्यसभा सदस्य रहे। बाद में कृष्ण कुमार बिरला की बेटी व हिंदुस्तान टाईम्स अखबार की अध्यक्ष शोभना भरतीया भी एक बार कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान से राज्यसभा सदस्य रह चुकी है।

कहते हैं कि उस चुनाव में बिड़ला परिवार ने अपने यहां काम करने वाले लोगों को चुनाव प्रचार के लिए झुंझुनू भेज दिया था और बिड़ला परिवार के बड़े-बड़े मैनेजर अलग-अलग विधानसभा चुनाव के प्रभारी बनाए गए थे। जब वह अपने समर्थन में आए हुए लोगों से चुनाव के दौरान चुनाव की स्थिति पूछते थे तो सभी लोग कहते थे कि बाबू बारह आना यानी की 12 आने में बाबू है बाकी में शिवनाथ सिंह गिल है। मगर जब बिड़ला परिवार की चुनाव में हार हो गई तो लोगों ने एक जुमला बना लिया कि बाबू बिड़ला तो पहले ही बारह आना थे। यानी कि पहले ही उनके भाव खराब थे। उस समय बाबू बारह आना बहुत चर्चित हुआ था।

पुराने लोग बताते हैं कि चुनाव के दौरान बिड़ला परिवार ने लोगों से वायदा किया था कि यदि कृष्ण कुमार बिड़ला चुनाव जीतते हैं तो जिले में ऐसे बड़े उद्योग धंधों की स्थापना की जाएगी जिससे आने वाले समय में लोगों को रोजगार मिलेगा। मगर बिड़ला परिवार की हार के बाद उन्होंने जिले के विकास में कोई रुचि नहीं ली। 1971 में बिड़ला को भारी मतों से हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल भी 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी की लहर में कन्हैयालाल महला से सवा लाख से ज्यादा मतों से चुनाव हार गए थे।

**- रमेश सर्राफ धमोरा**
(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)

# राशिफल

चैत्र कृष्ण पक्ष : षष्ठी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
शुभता के प्रतीक बने रहेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति बहुत अच्छी होगी। व्यापार बहुत अच्छा होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
खर्च की अधिकता मन को पेशान करेगी। यद्यपि की शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। लेकिन खर्च की स्थिति कर्ज की स्थिति ला सकती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ होगा। स्वास्थ्य बहुत अच्छा है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा का संयोग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कन्या राशि वालों को चोट-चपेट लग सकता है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। बचकर पार करें।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति सुदृढ़ होगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। आपके सामने नरमस्तक होंगे। स्वास्थ्य पहले से बेहतर, प्रेम-संतान बहुत अच्छा और व्यापार भी बहुत अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा है और व्यापार बहुत अच्छा है। लाल वस्तु पास रखें।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
घरेलू सुख बढ़-चढ़कर बढ़ेगा। घर में कुछ उत्सव संभव है। मां के स्वास्थ्य में सुधार होगा। भूमि और वाहन की खरीदारी होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोई नए कार्य की शुरुआत हो सकती है। अपनों का साथ होगा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वास्थ्य में बहुत सुधार होने की गुंजाइश है। प्रेम-संतान बहुत अच्छा,व्यापार बहुत अच्छा, धन का आगमन दिख रहा है

# खुशखबरीः 7000 से ज्यादा बॉयर्स को मिलेगा मालिकाना हक



**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण में 15 प्रोमोटर्स ने 25 प्रतिशत देय धनराशि का भुगतान कर दिया है। इससे 1500 यूनिटस की रजिस्ट्री होगी। अब तक 325 यूनिटस की रजिस्ट्री प्राधिकरण की ओर से कराई जा चुकी है, पर शेष 27 प्रोमोटर्स की ओर से बकाया भुगतान के लिए जो नोएडा प्राधिकरण से 12 मई तक का समय मांगा है।

उस तिथि तक राशि जमा होने पर सात हजार से ज्यादा उन फ्लैट खरीदारों को आशियाना का मालिकाना हक मिल जाएगा। जिन्हें पजेशन मिल चुका है, वह अपने आशियाना में रह रहे हैं। क्रेडाई पश्चिमी यूपी के सचिव दिनेश गुप्ता ने बताया कि लिगेसी इशू के कारण नोएडा स्थित स्टालड रियल एस्टेट परियोजनाओं में रजिस्ट्री शुरू कराने के लिए कई दौर कि बैठक के बाद यह परिणाम आया है।

करीब 73 प्रतिशत प्रोमोटर, 57 में से 42 जारी शासनादेश का लाभ उठाने के लिए अपनी सहमति दे दी है। उनके द्वारा धनराशि जमा भी की जा रही है। प्रोमोटर्स शेष देय धनराशि का 25 प्रतिशत जमा कर अपनी परियोजनाओं में रजिस्ट्री शुरू कर सकते है। 42 प्रोजेक्ट में 7,500 यूनिटस की रजिस्ट्री होगी।

## इन परियोजनाओं में फ्लैट खरीदार को होगा फायदा

- एचआर ओरेकल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
- आरजी रेजीडेंसी प्राइवेट लिमिटेड
- डिवाइन इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
- गुलशन होम्स प्राइवेट लिमिटेड
- ग्रेटवैल्यू प्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड
- एक्सप्रेस बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
- लॉरेट बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड
- गुलशन होम्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
- प्रतीक बिल्डटेक
- आइआइटीएल निंबस द हाइड पार्क प्राइवेट लिमिटेड
- ओमेक्स बिल्डवेल
- पैन रियलटर्स प्राइवेट लिमिटेड
- पैरामाउंट टावर्स प्राइवेट लिमिटेड
- सनवर्ल्ड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
- एमपीरियल हाउसिंग वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
- प्रतीक रियलटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
- एसडीएस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
- पारस सीजन्स प्राइवेट लिमिटेड
- महागुन रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड
- सनशाइन इंफ्रावेल प्राइवेट लिमिटेड
- एटीएस टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड
- प्रतीक इंफ्राप्रोजेक्ट्स इंडिया
- प्रतीक बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड
- प्रतीक रियलटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
- सेठी बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड
- स्काईटेक कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
- जेएम इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड
- जेएम हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड
- अंतरिक्ष डेवलपर्स एंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
- सिक्का इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
- परफेक्ट प्रोप बिल्ड प्राइवेट लिमिटेड
- सनवर्ल्ड रेजीडेंसी प्राइवेट लिमिटेड
- जीएस प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
- एवीपी बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड
- कैपिटल इंफ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
- आइवीआर प्राइम डेवलपर्स

# बच्ची को दूध पिलाते समय महिला की तबीयत बिगड़ी, मौत

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-49 क्षेत्र के गांव बरौला में शनिवार को एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना सामने आई है। बच्ची को दूध पिलाते समय मायके में आई एक महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। स्वजन अस्पताल लेकर पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सैनी ने बताया कि गांव बरौला के रविंद्र की पुत्री निशा बंसल का विवाह वर्ष 2021 में गुरुग्राम के गांव रिठौज में हरकरण उर्फ भोला सिंह के साथ हुई थी। निशा करीब एक वर्ष पहले बच्ची की मां बनी थी।

परिवार में शादी होने के चलते निशा कुछ दिन पहले मायके आई थी। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब दो बजे निशा एक वर्षीय बच्ची को दूध पिला रही थी।

इसी दौरान अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और जमीन पर पीछे की तरफ गिर गई।

निकटवर्ती चिकित्सक को बुलाया गया, जिन्होंने फौरन ही अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिवार के लोग जैसे ही निशा को सेक्टर-27 स्थित कैलाश अस्पताल लेकर पहुंचे तो वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। साथ ही मायके पक्ष और ससुराल पक्ष के लोगों से बात की। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# यूपी के कई हिस्सों में बारिश ओलावृष्टि के आसार

**लखनऊ (एजेंसी)।** प्रदेश का मौसम बदल गया है। बारिश, तेज हवा के साथ ओलावृष्टि का दौर शनिवार के बाद आज भी जारी है। पश्चिमी यूपी में आज कई स्थानों पर गरज के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना है। सुबह से हवा चलने के साथ ही आसमान में बादल छाए हैं। मौसम विभाग ने अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बिजनौर, बुलंदशहर, जी.बी.नगर, गाजियाबाद, हापुड़, मथुरा, मेरठ, संभल जिलों और आसपास के इलाकों में कई स्थानों पर गरज के साथ ओलावृष्टि होने की संभावना जताई है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से प्रदेश में कहीं बारिश तो कहीं तेज हवा का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को झांसी और आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि हुई थी। वहीं इटावा, गाजीपुर, हरदोई, हमीरपुर, कानपुर और आसपास भी बरसात रिकॉर्ड हुई है। मौसम विभाग ने रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।



मौसम सुहावना होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। पिछले कई दिनों से लोग गर्मी और उमस से बेहाल थे। बारिश और ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। लगातार दूसरे दिन मौसम सुहावना होने से लोगों को राहत बनी हुई है।

मौसम के इस बदलाव से शहरी निवासियों के लिए मौसम जरूर सुहावना हो सकता है लेकिन यह बदलाव फसल के लिए उचित नहीं है। गेहूं की कटती फसल के साथ आम के लिए भी यह ओलावृष्टि नुकसानदायक साबित होगी।

# युवक को कार से खींचकर पीटा

## वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

**नोएडा।** सेक्टर-125 स्थित निजी विश्वविद्यालय के पास कार में अगली सीट पर बैठे छात्र को तीन युवकों द्वारा पीटने का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर शनिवार को वायरल हुआ। वीडियो में तीन युवक कार के अंदर बैठे युवक को लात और घूंसों से मारते हैं। इसके बाद युवक को कार से बाहर निकाल लेते हैं और फिर जमीन पर लिटाकर मारते हैं। वीडियो घटनास्थल से करीब 20 मीटर दूर खड़ी एक कार के चालक ने बनाया।

वीडियो में कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों को टैग कर यूजर ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वीडियो में एक युवती भी युवक के साथ है, जो युवकों के जाने के बाद उसे बचाती है। सेक्टर-126 थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो 21 मार्च का है। मारपीट एम थ्री एम कंस्ट्रक्शन कंपनी के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के पास हुई। दिल्ली का एक युवक निजी विश्वविद्यालय में बीएएलएलबी तृतीय वर्ष में पढ़ाई करता है। वह 21 मार्च को अपनी महिला दोस्त के साथ सफेद रंग की फार्च्यूनर कार में बैठा था। इसी दौरान तीन युवक उसकी कार के पास आते हैं और गेट खुलवाकर बातचीत करने लगते हैं। बातचीत के दौरान ही युवक उसे खींचकर बाहर निकालने का प्रयास करते हैं। जब लड़का विरोध करता है तो उसके पैर पकड़कर बाहर निकाल लेते हैं और लात-घूंसों की बौछार कर देते हैं। लड़का बचाव करता है और सड़क पर गिर जाता है। तभी एक अन्य युवक भी आता है और उसे लात मारने लगता है। छात्र को लात-घूंसों से पीटने के बाद युवक भाग जाते हैं। इसके बाद कार से निकली युवती सड़क पर पड़े युवक के जूतों को उठाती है और गाड़ी में रख लेती है। फिर घटनास्थल के आसपास मौजूद लोग युवक की मदद कर उसे वाहन में बैठाते हैं।

शनिवार को मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद जब इसकी जांच की गई तो कई अहम जानकारी निकल कर सामने आई। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि जिस फॉर्च्यूनर में छात्र बैठा था, वह दिल्ली के नंबर की है। इस मामले में पीड़ित छात्र ने थाने में कोई शिकायत नहीं की है। वर्तमान में वह चंडीगढ़ में है। वहां से आने के बाद छात्र ने मामले की शिकायत करने की बात कही है।

पुलिस ने वीडियो का स्वतः संज्ञान लेकर आरोपियों की पहचान करनी शुरू कर दी है। आरोपी युवक भी निजी विश्वविद्यालय के छात्र बताए जा रहे हैं। पिटाई का कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस शिकायत मिलने पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की बात कह रही है। पहले भी निजी विश्वविद्यालय के बाहर मारपीट की कई घटनाएं हुई हैं, जिनके विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। घटनाएं बढ़ने पर पूर्व में यहां पर पुलिस ने लगातार सख्ती भी की थी।

# सिपाही पेपर लीक में रवि अत्री सहित अन्य के खिलाफ चार्जशीट की तैयारी

## आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी होगी कार्रवाई

**ग्रेटर नोएडा।** यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में गिरफ्तार दूसरे मास्टर माइंड रवि अत्री सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ विशेष कार्य बल (एसटीएफ) चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी कर रही है। इस प्रकरण में अब तक 14 आरोपी जेल जा चुके हैं। इन सभी आरोपियों को गैंगस्टर एक्ट में भी निरुद्ध किया जाएगा।

एसटीएफ ने चार दिन पहले पेपर लीक मामले में जेवर के नीमका निवासी रवि अत्री को गिरफ्तार किया था। इससे पहले ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क क्षेत्र से राजीव नयन मिश्रा को गिरफ्तार किया था। राजीव मूल रूप से प्रयागराज का रहने वाला है। दोनों से पूछताछ में 16 अन्य आरोपियों के नाम उजागर किए हैं। इनमें दिल्ली पुलिस में सिपाही विक्रम पहल भी शामिल है।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार ने बताया कि पूछताछ में जिन लोगों के नाम सामने आए हैं उन पर केस दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने की तैयारी है। आरोपियों को गैंगस्टर एक्ट में भी निरुद्ध किया जाएगा।

# सुरक्षाकर्मी ने की थी कंपनी में चोरी

**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस ने सूरजपुर स्थित बंद पड़ी कंपनी से बिजली के तार चोरी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनमें मुख्य आरोपी कंपनी का सुरक्षाकर्मी था। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने चोरी किया गया बिजली का तार बरामद किया है।

सूरजपुर कोतवाली प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया पकड़े गए चोरों की पहचान सुखपाल निवासी सूरजपुर, कामिल निवासी मेरठ और उमेश निवासी चिटहेरा दादरी के रूप में हुई। आरोपी सुखपाल सूरजपुर में बंद पड़ी मोजर बेयर कंपनी में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता था। सुखपाल ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर कंपनी से बिजली के तार 90 टुकड़े चोरी किए थे। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किया गया सामान बरामद किया है।

# बीटेक छात्र समेत दो ने की आत्महत्या

## दोनों मामलों में नहीं मिला सुसाइड नोट, पुलिस ने शुरू की जांच

**नोएडा।** शहर में अलग-अलग स्थानों पर बीटेक छात्र समेत दो लोगों ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रायपुर के पीजी और चोटपुर गांव में हुई दोनों घटनाओं में सुसाइड नोट नहीं मिले हैं। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। मूल रूप से उत्तराखंड के उधम सिंह नगर निवासी आयुष प्रताप सिंह सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में बीटेक द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह रायपुर गांव स्थित पीजी में अकेले रहता था। शुक्रवार शाम को पीजी संचालक ने पुलिस को सूचना दी कि आयुष ने काफी देर से अंदर से कमरा बंद कर रखा है। दरवाजा तोड़ने पर कमरे में आयुष का शव पंखे से लटका दिखा। सूचना मिलते ही उसके परिजन नोएडा आ गए हैं। पुलिस पूछताछ में छात्र के दोस्तों ने बताया कि आयुष कुछ दिनों से तनाव में चल रहा था। कोतवाली सेक्टर-126 पुलिस उसके मोबाइल की जांच कर रही है। कोतवाली सेक्टर-126 पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं चोटपुर कॉलोनी निवासी राजीव (40) ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राजीव पत्नी और साले के साथ रहते थे। घटना के समय राजीव की पत्नी और साला किसी काम से बाहर गए थे। कुछ देर बाद जब वह लौटे तो उन्हें राजीव फांसी के फंदे पर लटका दिखे।

# जूस पीने गए किशोर को मारी गोली

**दादरी।** छोलस गांव में शुक्रवार रात दोस्तों के साथ जूस पीने गए किशोर के पैर में गोली मार दी गई। गोली चलाने वाले दो युवक मौके से फरार हो गए। घायल को सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। पीड़ित के पिता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

छोलस गांव में सोफा बनाने वाला अफसर राजा परिवार के साथ रहता है। बेटा मोहम्मद अली (12) कक्षा सात में पढ़ता है। शुक्रवार की रात में नौ बजे घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर दो दोस्तों के साथ जूस पीने गया था। आरोप है कि वहां से जा रहे दो युवकों ने गोली चला दी। गोली अली की जांघ में लगी। दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। जांघ से खून निकलने पर दोनों दोस्तों ने दौड़कर घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन पहुंच गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घायल किशोर को सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। जहां पर उपचार के बाद घायल की छुट्टी कर दी गई। घटना की रिपोर्ट घायल के पिता अफसर राजा ने दो अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई गई है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक उपचार के दौरान नुकीला औजार लगने की आंशका व्यक्त की गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# बिना रोड टैक्स भरे दौड़ रहे 18 वाहन जब्त

**नोएडा।** जिले में शनिवार को परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीम ने बिना रोड टैक्स जमा किए दौड़ रहे 18 वाहनों को जब्त किया। प्रवर्तन अधिकारी के अनुसार वाहन का टैक्स और जुर्माना जमा करने के बाद ही उसे उसके मालिक के सुपुर्द किया जाएगा। यदि लोग वाहन नहीं छुड़वाते हैं तो वाहन को नीलाम करके टैक्स और जुमार्ने की वसूली की जाएगी।

# पुलिस ने दो गांजा तस्करों को दबोचा

**दादरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन दृष्टिगत को ध्यान में रखकर पुलिस लगातार गांजा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। पुलिस की टीम ने दो गांजा तस्करों को अवैध नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। दादरी कोतवाली एसएसआई दीनानाथ यादव ने बताया कि पुलिस की टीम ने दो गांजा तस्कर कन्हाई मंडल उर्फ कन्हैया पुत्र प्रतोष मंडल निवासी ग्राम शांतिपुर जनपद कांकेर छत्तीसगढ़ हाल पता गली नंबर 3 परविंदर चौहान के मकान किराएदार सेक्टर 37 थाना 39 को 3 किलो 600 ग्राम नाजायज अवैध गांजा के साथ रूपवास गोल चक्कर के पास तथा पप्पू कुमार चौधरी पुत्र रामप्रीत चौधरी निवासी ग्राम सियारी थाना नानपुर जिला सीतामढ़ी बिहार हाल पता सलारपुर थाना फेस 2 गौतम बुद्ध नगर को 2 किलो 700 ग्राम अवैध नाजायज गांजा के साथ शिव नादर यूनिवर्सिटी के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**दादरी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन दृष्टिगत को ध्यान में रखते हुए पुलिस लगातार अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों पर करवाई कर रही है। पुलिस ने एक अभियुक्त को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अभियुक्त के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

दादरी कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त राज पुत्र आजाद सिंह निवासी ग्राम अडौदा थाना सिकंदराबाद जिला बुलंदशहर हाल पता वीरपाल फौजी के मकान में किराए पर ग्राम कैलाशपुर थाना सूरजपुर जिला गौतम बुद्ध नगर को एक तमंचा एक जिंदा कारतूस के साथ पुलिस चौकी क्षेत्र रेलवे रोड राणा के बाग के पास से गिरफ्तार किया है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**दादरी।** बादलपुर क्षेत्र के अंतर्गत दादरी बाईपास के नजदीक सड़क पर जा रहे पैदल व्यक्ति को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, टक्कर लगने के बाद व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बादलपुर प्रभारी अमरेश सिंह ने बताया कि दादरी बाईपास के पास देर रात सड़क पर पैदल जा रहे एक व्यक्ति को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, टक्कर लगने के बाद व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव की पहचान पेट व शर्ट में रखें कागज के आधार पर पोखलापाल पुत्र उदल निवासी एटा के रूप में की गई।





**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डर नं0: SIG-WS-Cont-AGC-99 — Dated 10/04/2024

**निविदा सूचना (सिंगल-पैकेट सिस्टम)**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभि/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये सिंगल-पैकेट सिस्टम पर खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। यदि निविदा खुलने की तारीख पर अवकाश घोषित होता है या तकनीकी वजह से निविदा तय तिथि पर नहीं खुलती है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जाएगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

**कार्य का नाम :** एन.सी.रेलवे पर आगरा डिवीजन के धौलपुर-सिरमुत्रा खंड में सिंगल लाइन के प्रावधान के साथ गेज परिवर्तन के संबंध में ओएफसी और काड बिछाने और एसटीएम और पीडी मक्स की आपूर्ति और स्थापना के साथ इनडोर और आउटडोर दूरसंचार कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागत :** रू. 46534918.43/-, **धरोहर राशि :** रू. 382700.00/-, **निविदा प्रपत्र राशि :** कुछ नही, **कार्य पूरा करने की अवधि :** 12 माह, **निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता :** निविदा प्रपत्र वेब पोर्टल www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। **निविदा जमा करने की अन्तिम तारीख एवं समय :** दिनांक 02.05.2024 15:00 बजे से पहले तक, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 02.05.2024 15:30 बजे, **निविदा खुलने का स्थान :** निविदा उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभि/निर्माण उत्तर मध्य रेलवे आगरा के कार्यालय में खोली जाएगी, **ऑफर की वैधता :** खुलने की तिथि से 60 दिन तक, **निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकार :** रेलवे प्रशासन का, किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिना धरोहर राशि के निविदाये निरस्त कर दी जायेंगी। निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखे जा सकते है। www.ireps.gov.in पर आमंत्रित किसी भी निविदा में भाग लेने के लिए को इच्छुक निविदाकारों को www.ireps.gov.in पर रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। विस्तृत विवरण वेबसाइट पर अवश्य देखें। 644/24 (AN)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @ CPRONCR

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर/टी.आर.एस./पूर्वोत्तर रेलवे, लोको शेड गोण्डा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सूचना संख्या एवं कार्य का नामः निविदा सूचना संख्याः LS-GD-RSP-Rehab-TRAN-2024** "09 अदद विद्युत लोको के 5400 के.वी.ए. ट्रांसफॉर्मर के रिहाबिलिटेशन का कार्य जो आर.एस.पी. 2022–23 तथा 2023–24 में स्वीकृत है" **अनुमानित लागत(₹ में):** ₹1,54,87,366.32; **अग्रिम धनः** ₹2,27,400/-; **निविदा प्रपत्र मूल्य**; 0.00/-; **निविदा की अवधिः** 24 माह।
• ऑफर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 13.05.2024, 15:00 बजे तक एवं यह ई–निविदा 13.05.2024, 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। • इस ई–निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।
• निविदाकार, ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा से संबंधित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करे।

समंविइं/टीआरएस, गोण्डा

मुजाधि/विद्युत–06

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

ई-टेन्डर नं. पी.आर.वाई.जे.-सिग-401-2024-25 — दिनांकः- 12.04.2024

**वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज** द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **06.05.2024** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरणः** ''प्रयागराज मंडल के टूंडला स्टेशन पर नए 12 मीटर एफओबी के प्रावधान के संबंध में तथा हाथरस, दादरी और फफूंद स्टेशनों पर नए 08 पहिया टावर वैगन शेड के निर्माण के संबंध में एस एंड टी कार्य का प्रावधान।''

**अनुमानित मूल्यः ₹ 6104757.43/-** (इकसठ लाख चार हजार सात सौ सत्तावन रूपये और तैंतालीस पैसा केवल)। **निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशिः ₹ 122100.00, कार्य समापन की अवधिः** 12 माह। **निविदा बंद होने / खुलने की तिथिः 06.05.2024, 2. निविदा प्रपत्रो की उपलब्धताः** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेगें। **3. बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूपः** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा जमा की जाएगी। यदि निविदादाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी। **4. निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **15.30** बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जाएगी। **5. निविदा की वैधताः** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **6. निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकारः** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/ निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 658/24 FA

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | www.ncr.indianrailways.gov.in



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी



Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर


### फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' ने वर्ल्डवाइड 36 करोड़ की कमाई की



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने वर्ल्डवाइड 36 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद के अवसर पर 11 अप्रैल को रिलीज हुयी है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 36.33 करोड़ की कमाई कर ली है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

### पुरोहित ने दी बैसाखी की बधाई

**चंडीगढ़:** पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश,



चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने देश और विदेश में रहने वाले सभी पंजाबियों को बैसाखी की शुभकामनायें दी हैं। पुरोहित ने शुक्रवार को यहां कहा कि बैसाखी का बहुआयामी महत्व है। यह फसल के पकने और इसकी कटाई के मौसम की शुरुआत का प्रतीक है जो सुख और समृद्धि लेकर आता है। यह देश की प्रगति में हमारे किसानों के योगदान को कृतज्ञतापूर्वक याद करने का भी अवसर है। राज्यपाल ने कहा कि इस शुभ अवसर का सिख धर्म के गौरवशाली इतिहास में विशेष महत्व है, क्योंकि इसी दिन 1699 में सिखों के 10वें गुरु, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने मु×गलों के अत्याचार के खिलाफ लड़ने के लिए 'खालसा पंथ' की स्थापना की थी। पुरोहित ने कहा कि यह दिन 1919 में हमारे स्वतंत्रता आंदोलन में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। इस दिन अमृतसर के जलियांवाला बाग में कई ज्ञात और अज्ञात शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस नरसंहार ने स्वतंत्रता आंदोलन को सुदृढ़ता प्रदान की।

### लोस चुनाव: 103 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की सामग्रियां जब्त

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद पुलिस एवं अन्य एन्फोर्समेंट एजेंसियों द्वारा 103 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की सामग्रियां जब्त की गई हैं। राजन ने बताया कि 16 मार्च से 10 अप्रैल तक 13 करोड़ 77 लाख 63 हजार 629 रुपये नगद राशि सहित 103 करोड़ 33 लाख 19 हजार 639 रुपये मूल्य की विभिन्न सामग्रियां जब्त की गयी हैं। इसमें 15 लाख 74 हजार 970 लीटर मदिरा भी शामिल है, जिसका आनुमानित बाजार मूल्य 24 करोड़ 64 लाख 13 हजार 47 रुपये है। उन्होंने बताया कि इसी तरह 19 करोड़ 41 लाख 46 हजार 215 रुपये मूल्य के 14 हजार 780 किलोग्राम से अधिक ड्रग्स और 9 करोड़ 40 लाख 40 हजार 623 रुपये मूल्य की 437 किलोग्राम से अधिक कीमती धातुएँ भी जब्त की गई हैं। इसके साथ ही 36 करोड़ 9 लाख 56 हजार 125 रुपये मूल्य की रेडीमेड गारमेंट्स जैसी अन्य सामग्रियां भी जब्त की गई हैं।

### आठ करोड़ घरों तक पहुंचा रही है कांग्रेस 'पांच न्याय 25 गारंटी'

**नई दिल्ली:** कांग्रेस लोकसभा चुनाव 2024 में अपने महत्वपूर्ण दस्तावेज चुनावी घोषणापत्र 'पांच न्याय 25 गारंटी' की आठ करोड़ प्रतियां घर-घर तक पहुंचा रही है। कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ' पांच न्याय 25 गारंटी' घोषणा पत्र का वितरण आठ करोड़ घरों तक किया जा रहा है। इसके अलावा एक करोड़ नागरिकों को यह दस्तावेज डिजीटली वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घर-घर वितरित की जा रही आठ करोड़ प्रतियों के अलावा कांग्रेस पार्टी ने देश भर में कम से कम एक करोड़ लोगों को डिजिटल रूप से भी अपनी 'पांच न्याय 25 गारंटी' को भेजा है। रमेश ने कहा कि देश में कांग्रेस की पांच न्याय 25 गारंटी का जबरदस्त स्वागत हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अभी तक चुनावी घोषणा पत्र के लिए मात्र एक समिति का गठन कर पायी जबकि कांग्रेस अपनी गारंटी के साथ अंतिम मतदाता तक पहुंच रही है।

### नहाय-खाय के साथ बिहार में लोकआस्था का महापर्व चैती छठ शुरू

**पटना:** बिहार में लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। आस्था के महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान आज चैत्र शुक्ल चतुर्थी शुक्रवार को नहाय-खाय से शुरू हो गया। चैती छठ के पहले दिन व्रती नर-नारियों ने नहाय-खाय के संकल्प के तहत स्नान करने के बाद अरवा भोजन ग्रहण कर इस व्रत को शुरू किया। महापर्व के दूसरे दिन श्रद्धालु पूरे दिन बिना जलग्रहण किये उपवास रखने के बाद सूर्यास्त होने पर पूजा करते हैं और उसके बाद एक बार ही दूध और गुड़ से बनी खीर खाते हैं तथा जब तक चांद नजर आये तब तक पानी पीते हैं। इसके बाद से उनका करीब 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होता है। इस महापर्व के तीसरे दिन व्रतधारी अस्ताचलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित करते हैं। व्रतधारी डूबते हुए सूर्य को फल और पकवान (ठेकुआ) से अर्घ्य अर्पित करते हैं। महापर्व के चौथे और अंतिम दिन फिर से नदियों और तालाबों में व्रतधारी उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देते हैं । भगवान भाष्कर को दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के बाद ही श्रद्धालुओं का 36 घंटे का निर्जला व्रत समाप्त होता है।

# किसी उम्मीदवार से नहीं, उसके पीछे खड़ी ताकतों से है लड़ाई: उमर

● श्रीनगर, एजेंसी

**नेशनल** कांफ्रेंस उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को



कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी लड़ाई किसी उम्मीदवार से नहीं बल्कि उसके पीछे खड़ी और उसे समर्थन दे रही ताकतों से है।

उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि इस बार उनकी लड़ाई किसी उम्मीदवार के खिलाफ नहीं है, बल्कि उन ताकतों के खिलाफ है जो उस प्रत्याशी के पीछे खड़े हैं और उसका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिणी, मध्य और उत्तरी कश्मीर में हमारी लड़ाई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और केंद्र सरकार के खिलाफ है। इसलिए हमारी पार्टी ने फैसला किया कि मुझे उत्तरी कश्मीर से चुनाव लड़ना चाहिए क्योंकि केंद्र सरकार और भाजपा यहां पूरी ताकत झोंक रही है। उमर ने कहा कि मैं चाहता हूं कि उत्तरी कश्मीर में इन ताकतों को हराया जाये। इसीलिए पार्टी ने इसे सही समझा और मुझे बारामूला और आगा रूहल्लाह को श्रीनगर से उम्मीदवार बनाया है। भाजपा को कश्मीर में अपने उम्मीदवार उतारने की चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को कश्मीर की तीन सीटों पर सीधे अपने उम्मीदवार उतारने दें और उनकी प्रॉक्सी टीमों और उम्मीदवारों का समर्थन न करें। अगर उनकी जमानत जब्त न हो, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। श्रीनगर के बजाय बारामूला से अपनी उम्मीदवारी के बारे में उमर ने कहा कि मैंने पिछली बार बीरवाह (अब उत्तरी कश्मीर में) विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया था। इसलिए इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि मैं बारामूला से चुनाव लड़ रहा हूं।



शुक्रवार को नई दिल्ली में में 'लॉ एंड स्पिरिचुअलिटी: रीकनेक्टिंग द बॉन्ड' पुस्तक का विमोचन करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

# ईरान-इजराइल न जाएं नागरिक

## भारत की एडवाइजरी, ईरान 2 दिन में इजराइल पर कर सकता है हमला

● नई दिल्ली, एजेंसी

**ईरान**-इजराइल में बढ़ते तनाव के बीच भारत समेत 5 देशों ने ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसमें नागरिकों को ईरान और इजराइल न जाने की सलाह दी गई है। एडवाइजरी जारी करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और फ्रांस शामिल हैं। भारत ने शुक्रवार शाम को ट्रैवल एडवाइजरी में कहा है कि सभी भारतीय नागरिक अगली सूचना तक ईरान और इजराइल की यात्रा न करें।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान या इजराइल में रहने वाले भारतीय वहां के दूतावासों से फौरन संपर्क करें और अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं। सभी अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें और कम से कम बाहर निकलें।' दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने इजराइल को बदला लेने की धमकी दी थी। भारत ने यह ट्रैवल एडवाइजरी उस वक्त दी है जब अमेरिकी अखबार ने दावा किया है कि ईरान अगले दो दिन में इजराइल पर हमला कर सकता है। अखबार ने शुक्रवार को अमेरिकी इंटेलिजेंस के हवाले से ये जानकारी दी है। न्यूज एजेंसी रिपोर्ट में ईरानी अधिकारी के हवाले से बताया है कि ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई से हमले का प्लान साझा किया गया है। वो इसके



मुमकिन असर का आकलन कर रहे हैं। हालांकि, अधिकारी ने ये भी कहा है कि अभी फैसला फाइनल नहीं किया है। वहीं, इजराइल अपने उत्तर और पश्चिम दोनों हिस्सों में ईरान के हमले से निपटने की तैयारी कर रहा है। ईरान-इजराइल में जारी तनाव के बीच अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सऊदी अरब, चीन, तुर्किये और कई यूरोपीय देशों के विदेश मंत्रियों से फोन पर बात की। ब्लिंकन ने सभी देशों से ईरान को हमला न करने के लिए मनाने को कहा है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा- विवाद को बढ़ावा देना किसी के भी हित में नहीं है। इससे पहले गुरुवार को अमेरिका ने इजराइल में काम करने वाले अपने नागरिकों और खासकर डिप्लोमैट्स के लिए एडवाइजरी जारी की। अमेरिका ने अपनी एम्बेसी के स्टाफ को यरुशलम, तेल अवीव या बीरशेबा शहर से बिना सावधानी के बाहर न जाने को कहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इजराइल-हमास जंग के 6 महीनों में ऐसा पहली बार है, जब अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए इस तरह की एडवाइजरी जारी की। मिडिल ईस्ट में एक और जंग छिड़ने के आभास के बीच अमेरिका के सेंट्रल कमांड के जनरल माइकल कुरिला गुरुवार को इजराइल पहुंचे। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक वो ईरानी हमले की स्थिति में इजराइल को गाइड करेंगे। उन्होंने इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट और इजराइल डिफेंस फोर्स के अधिकारियों से मुलाकात की।अमेरिका की इंटेलिजेंस एजेंसी ने भी आशंका जताई थी कि 1 अप्रैल के हमले के बाद ईरान इजराइल पर जवाबी अटैक कर सकता है। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई ने बुधवार (10 अप्रैल) को कहा था-इजराइल को इस हमले की सजा जरूरी दी जाएगी। यह ईरान की धरती पर हमला करने जैसा ही था। दूसरी तरफ, ब्रिटेन के विदेश मंत्री लॉर्ड कैमरन ने भी ईरानी विदेश मंत्री को फोन करके उन्हें विवाद को आगे न बढ़ाने की सलाह दी। इससे पहले गुरुवार को इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान का नाम लिए बिना कहा था कि इजराइल गाजा के अलावा दूसरे मोर्चों पर भी जंग की तैयारी कर रहा है।

# मंदिर का विरोध और दुआ दोहरा चरित्र नहीं चलेगा: यादव

● भोपाल,

**मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को कांग्रेस और पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह पर हमला बोलते हुए कहा कि मंदिर का विरोध और दुआ, इस प्रकार का दोहरा चरित्र नहीं चलेगा।

डॉ यादव ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि कांग्रेस नेता सिंह की ओर से अब अति हो गई। भगवान राम के मंदिर का विरोध करते हैं और दूसरी तरफ जीत के लिए दुआ करते हैं। इस प्रकार का दोहरा चरित्र नहीं चलेगा, एक लाइन कुछ भी पकड़ लें। वहीं छिंदवाड़ा में कांग्रेस के नेताओं के नोटों के साथ पकड़े जाने के मामले को लेकर उन्होंने कहा कि जिस ढंग से कल नोट पकड़े गए हैं, कांग्रेस के लोग डरा धमका रहे हैं। दिग्विजय सिंह डर के मारे 400 - 400 उम्मीदवार की बात कर रहे हैं। इसका मतलब, केवल बहाना बनाकर, हार से बचने का रास्ता ढूंढ रहे हैं, पर जनता माफ नहीं करेगी। सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे दुआ करते नजर आ रहे हैं। भाजपा इस वीडियो और सिंह के श्री राम मंदिर के विरोध में दिए गए बयानों को लेकर लगातार उन पर हमलावर है। इसके पहले



उन्होंने भाजपा कार्यालय में दिए अपने संबोधन में कहा कि भोपाल से दिग्विजय सिंह मैदान छोड़कर राजगढ़ लोकसभा चले गए। वहां भी वह चुनाव जीतने के लिए 400 लोगों को इकट्ठा कर रहे हैं, लेकिन वहां भी वे हार जाएंगे। प्रदेश की खस्ता हालत बनाने में 'मिस्टर बंटाधार' दिग्विजय सिंह का हाथ रहा है। शिवराज सिंह चौहान ने सत्ता संभालने के बाद प्रदेश को बीमारू से विकसित राज्य बनाया। सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश को नंबर वन राज्य बनाने का प्रयास कर रही है। छिंदवाड़ा के संदर्भ में उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा कांग्रेस का गढ़ नहीं समस्या बन गई है। यहां केवल एक ही परिवार चुनाव लड़ता रहा, लेकिन इस बार छिंदवाड़ा की जनता ने तय कर लिया है कि बाहरी को बाहर करेंगे और स्थानीय को चुनाव जिताएंगे।

### सीमा पार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़

**जालंधर:** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने मादक पदार्थों के अंतरराष्ट्रीय तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये कुख्यात तस्कर जयपाल भुल्लर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन किलोग्राम हेरोइन और दो पिस्तौल बरामद किये हैं। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने बताया कि सूचना पर कार्रवाई करते हुये पुलिस ने नाकाबंदी की, जिसके बाद उन्होंने एक कार को वेरका मिल्क प्लांट सर्विस रोड की तरफ से आते देखा। शर्मा ने कहा कि पुलिस के कार रोकने के प्रयास के बावजूद, चालक ने भागने की कोशिश में कार को अचानक पीछे कर दिया। पुलिस ने कार को रोक लिया, चालक की पहचान सारज उर्फ बाऊ पुत्र बूटा सिंह निवासी गांव खिलचियां कदीम, थाना सदर फिरोजपुर के रूप में हुई।

### 94 सीटों के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली:** निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 94 सीटों पर चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। आम चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च को जारी कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण में मतदान सात मई को कराये जाएंगे। भारत के राजपत्र में जारी अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण के चुनाव के लिए मतदान सात मई को करायें जायेंगे। अधिसूचना के अनुसार तीसरे चरण में 12 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 94 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों और मध्य प्रदेश में बैतूल संसदीय क्षेत्र के स्थगित चुनाव के लिए 7 मई, 2024 को मतदान होगा। तीसरे चरण के चुनाव के लिए सभी सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरु हो गयी और नामांकन 19 अप्रैल तक कराए जा सकेंगे। पर्चों की जांच 20 तारीख को होगी और नाम 22 तारीख तक वापस लिए जा सकेंगे।

### पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह भाजपा में शामिल

**बाड़मेर:** राजस्थान में लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने का सिलसिला लगातार जारी हैं और शुक्रवार को पूर्व सांसद मानवेन्द्र सिंह जसोल फिर भाजपा में शामिल हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बाड़मेर में भाजपा प्रत्याशी एवं केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के समर्थन में आयोजित जनसभा से पहले इसी मंच पर जसोल ने फिर से भाजपा का दामन थाम लिया। इस अवसर पर पूर्व आईएएस अधिकारी ललित के पंवार एवं महंत निर्मलदास भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ज्वाइंनिंग कमेटी के संयोजक डा अरुण चतुर्वेदी ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर जसोल, पंवार एवं महंत निर्मलदास को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर कैलाश चौधरी सहित भाजपा के अन्य कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। उल्लेखनीय हैं जसोल बाड़मेर-जैसलमेर संसदीय क्षेत्र से सांसद एवं शिव विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं।



शुक्रवार को राजद नेता हरदेव साहू राजद और आप कार्यकताओं के साथ रांची में भाजपा कार्यालय में झारखंड भाजपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए।

# षड्यंत्र रच रही है केंद्र सरकार: आतिशी

● नई दिल्ली,

**आम** आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा शासित केंद्र सरकार राजनैतिक साजिश के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है।

आतिशी ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार राजनैतिक साजिश के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने का षड्यंत्र रच रही है। उन्होंने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि, दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाना गैरकानूनी, गैर संवैधानिक और दिल्ली की



जनता के जनादेश के खिलाफ होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है वह दिल्ली में चुनाव नहीं जीतने वाली इसलिए अब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की लोकप्रिय सरकार को गिराना चाहती है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के खिलाफ रचे जा रहे षड्यंत्र का एक बड़ा कारण सरकार द्वारा किए जा रहे काम है, चाहे वह मुफ्त बिजली-पानी देना हो, शानदार स्कूल, मोहल्ला क्लिनिक देना हो, बुजुर्गों को फ्री तीर्थ यात्रा महिलाओं को फ्री बस यात्रा देनी हो।

'आप' नेता ने कहा कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार के खिलाफ एक बहुत बड़ा राजनैतिक षड्यंत्र रचा जा रहा है। हमें विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से पता चला है कि आने वाले कुछ दिनों में भाजपा शासित केंद्र सरकार दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने वाली है। पिछले कुछ दिनों से इसके संकेत देखने को मिल रहे है।'

# राजद ने छह महिला शक्ति को चुनावी समर में उतारा

## मीसा भारती, रोहिनी , बीमा भारती, रितु जायसवाल, अनिता देवी और अर्चना प्रत्याशी हैं

● पटना

**लालू-राबड़ी की पुत्री मीसा भारती पाटिलपुत्रा सीट ,रोहिणी आचार्य सारण संसदीय सीट, रूपौली की विधायक बीमा भारती पूर्णिया से, पूर्व मुखिया रितु जायसवाल शिवहर से, अनिता देवी मुंगेर और अर्चना रविदास जमुई (सु) सीट से पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी-अपनी किस्मत आजमायेंगी।**

**राष्ट्रीय** जनता दल (राजद) ने इस बार के लोकसभा चुनाव में छह महिला शक्ति को चुनावी समर में उतारा है, जिनमें से पांच पहली बार लोकसभा का चुनाव में अपनी तकदीर आजमायेंगी।

राजद के टिकट पर इस बार के चुनाव में 23 प्रत्याशी चुनावी समर में अपनी किस्मत आजमायेंगे। राजद ने इस बार छह महिला शक्ति को चुनावी मैदान में उतारा है। इनमें राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की दो पुत्री मीसा भारती, रोहिनी आचार्य, बीमा भारती, रितु जायसवाल, अनिता देवी और अर्चना रविदास शामिल है। इनमें मीसा भारती को छोड़ अन्य पांच महिला शक्ति पहली बार लोकसभा के रण मे अपनी तकदीर आजमा रही हैं। लालू-राबड़ी की पुत्री राज्यसभा सांसद मीसा भारती तीसरी बार पाटलिपुत्रा संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने जा रही है। इससे पूर्व मीसा भारती ने वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में पाटलिपुत्रा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन दोनों बार उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार राम कृपाल यादव से हार का सामना करना पड़ा। इस बार के चुनाव में भी मीसा भारती का मुकाबला पूर्व केन्द्रीय मंत्री भाजपा प्रत्याशी राम कृपाल यादव से होगा। लालू-राबड़ी की दूसरी पुत्री रोहिणी आचार्य सारण संसदीय सीट, रूपौली की विधायक बीमा भारती पूर्णिया से, पूर्व मुखिया रितु जायसवाल शिवहर से, अनिता देवी मुंगेर और अर्चना रविदास जमुई (सु) सीट से पहली बार लोकसभा चुनाव में अपनी-अपनी किस्मत आजमायेंगी। वर्ष 2019 के चुनाव मे महागठबंधन




में शामिल राजद के टिकट पर तीन महिला शक्ति पाटलिपुत्र संसदीय सीट से मीसा भारती,सीवान से पूर्व बाहुबली सांसद मोहम्मद शाहबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब, और नवादा से राजबल्लभ यादव की पत्नी विभा देवी ने चुनाव लड़ा लेकिन तीनों को कामयाबी नहीं मिली। इस बार के चुनाव में राजद ने पिछले चुनाव की तुलना में दुगनी छह महिला शक्ति को चुनावी मैदान में उतारा है, देखना दिलचस्प होगा कि इनमें कितनी महिला शक्ति जोर दिखाकर बाजी अपने नाम करने में सफल होती हैं।

### 'अमेरिका में भारतीय छात्रों की मौतों की जांच जारी'

**नई दिल्ली:** भारत ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका में दो भारतीय छात्रों की मौत के कारणों की जांच चल रही है और अमेरिकी प्रशासन इसमें सहयोग कर रहा है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिका में भारतीय छात्रों की मौत बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। दो छात्रों की मौत हुई है और दोनों छात्रों की मौत की जांच चल रही है। भारतीय वाणिज्य दूतावास पीड़ित पक्ष के संपर्क में है हर संभव मदद की है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है, हमें इसके कारणों के बारे में और जानकारी मिलेगी। एक मामला हत्या का था जो एक ऐसे व्यक्ति के खिलाफ दर्ज किया गया था जो आवारा था... उसके बाद, एक मामला था जिसमें एक व्यक्ति को गोली मार दी गई थी।

# कैलाश पर्वत के 12 रहस्य, जानकर हैरान रह जाएंगे

**पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी के पास कुबेर की नगरी है। यहीं से महाविष्णु के कर-कमलों से निकलकर गंगा कैलाश पर्वत की चोटी पर गिरती है, जहां प्रभु शिव उन्हें अपनी जटाओं में भर धरती में निर्मल धारा के रूप में प्रवाहित करते हैं। कैलाश पर्वत के ऊपर स्वर्ग और नीचे मृत्यलोक है। भगवान शंकर के निवास स्थान कैलाश पर्वत के पास स्थित है कैलाश मानसरोवर। यह अद्भुत स्थान रहस्यों से भरा है। शिवपुराण, स्कंद पुराण, मत्स्य पुराण आदि में कैलाश खंड नाम से अलग ही अध्याय है, जहां की महिमा का गुणगान किया गया है। आओ जानते हैं इसके 12 रहस्य।**



भगवान शंकर के निवास स्थान कैलाश पर्वत के पास स्थित है कैलाश मानसरोवर। यह अद्भुत स्थान रहस्यों से भरा है। शिवपुराण, स्कंद पुराण, मत्स्य पुराण आदि में कैलाश खंड नाम से अलग ही अध्याय है, जहां की महिमा का गुणगान किया गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी के पास कुबेर की नगरी है। यहीं से महाविष्णु के कर-कमलों से निकलकर गंगा कैलाश पर्वत की चोटी पर गिरती है, जहां प्रभु शिव उन्हें अपनी जटाओं में भर धरती में निर्मल धारा के रूप में प्रवाहित करते हैं। कैलाश पर्वत के ऊपर स्वर्ग और नीचे मृत्यलोक है। आओ जानते हैं इसके 12 रहस्य।

- **1.धरती का केंद्र :** धरती के एक ओर उत्तरी ध्रुव है, तो दूसरी ओर दक्षिणी ध्रुव। दोनों के बीचोबीच स्थित है हिमालय। हिमालय का केंद्र है कैलाश पर्वत। वैज्ञानिकों के अनुसार यह धरती का केंद्र है। कैलाश पर्वत दुनिया के 4 मुख्य धर्मों- हिन्दू, जैन, बौद्ध और सिख धर्म का केंद्र है।
- **2. अलौकिक शक्ति का केंद्र :** यह एक ऐसा भी केंद्र है जिसे एक्सिस मुंडी कहा जाता है। एक्सिस मुंडी अर्थात दुनिया की नाभि या आकाशीय ध्रुव और भौगोलिक ध्रुव का केंद्र। यह आकाश और पृथ्वी के बीच संबंध का एक बिंदु है, जहां दसों दिशाएं मिल जाती हैं। रशिया के वैज्ञानिकों के अनुसार एक्सिस मुंडी वह स्थान है, जहां अलौकिक शक्ति का प्रवाह होता है और आप उन शक्तियों के साथ संपर्क कर सकते हैं।
- **3. पिरामिडनुमा क्यों है यह पर्वत :** कैलाश पर्वत एक विशालकाय पिरामिड है, जो 100 छोटे पिरामिडों का केंद्र है। कैलाश पर्वत की संरचना कम्पास के 4 दिक् बिंदुओं के समान है और एकांत स्थान पर स्थित है, जहां कोई भी बड़ा पर्वत नहीं है।
- **4. शिखर पर कोई नहीं चढ़ सकता :** कैलाश पर्वत पर चढ़ना निषिद्ध है, परंतु 11वीं सदी में एक तिब्बती बौद्ध योगी मिलारेपा ने इस पर चढ़ाई की थी। रशिया के वैज्ञानिकों की यह रिपोर्ट यूएनस्पेशियल मैग्जीन के 2004 के जनवरी अंक में प्रकाशित हुई थी। हालांकि मिलारेपा ने इस बारे में कभी कुछ नहीं कहा इसलिए यह भी एक रहस्य है।
- **5. दो रहस्यमयी सरोवरों का रहस्य :** यहां 2 सरोवर मुख्य हैं- पहला, मानसरोवर जो दुनिया की शुद्ध पानी की उच्चतम झीलों में से एक है और जिसका आकार सूर्य के समान है। दूसरा, राक्षस नामक झील, जो दुनिया की खारे पानी की उच्चतम झीलों में से एक है और जिसका आकार चन्द्र के समान है। ये दोनों झीलें सौर और चन्द्र बल को प्रदर्शित करती हैं जिसका संबंध सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जा से है। जब दक्षिण से देखते हैं तो एक स्वस्तिक चिह्न वास्तव में देखा जा सकता है। यह अभी तक रहस्य है कि ये झीलें प्राकृतिक तौर पर निर्मित हुईं या कि ऐसा इन्हें बनाया गया?
- **6. यहीं से क्यों सभी नदियों का उद्गम :** इस पर्वत की कैलाश पर्वत की 4 दिशाओं से 4 नदियों का उद्गम हुआ है- ब्रह्मपुत्र, सिन्धु, सतलज व करनाली। इन नदियों से ही गंगा, सरस्वती सहित चीन की अन्य नदियां भी निकली हैं। कैलाश की चारों दिशाओं में विभिन्न जानवरों के मुख हैं जिसमें से नदियों का उद्गम होता है। पूर्व में अश्वमुख है, पश्चिम में हाथी का मुख है, उत्तर में सिंह का मुख है, दक्षिण में मोर का मुख है।
- **7. सिर्फ पुण्यात्माएं ही निवास कर सकती हैं :** यहां पुण्यात्माएं ही रह सकती हैं। कैलाश पर्वत और उसके आसपास के वातावरण पर अध्ययन कर चुके रशिया के वैज्ञानिकों ने जब तिब्बत के मंदिरों में धर्मगुरुओं से मुलाकात की तो उन्होंने बताया कि कैलाश पर्वत के चारों ओर एक अलौकिक शक्ति का प्रवाह है जिसमें तपस्वी आज भी आध्यात्मिक गुरुओं के साथ टेलीपैथिक संपर्क करते हैं।
- **9. येति मानव का रहस्य :** हिमालयवासियों का कहना है कि हिमालय पर यति मानव रहता है। कोई इसे भूरा भालू कहता है, कोई जंगली मानव तो कोई हिम मानव। यह धारणा प्रचलित है कि यह लोगों को मारकर खा जाता है। कुछ वैज्ञानिक इसे निंडरथल मानव मानते हैं। विश्वभर में करीब 30 से ज्यादा वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि हिमालय के बर्फीले इलाकों में हिम मानव मौजूद हैं।
- **10. कस्तूरी मृग का रहस्य :** दुनिया का सबसे दुर्लभ मृग है कस्तूरी मृग। यह हिरण उत्तर पाकिस्तान, उत्तर भारत, चीन, तिब्बत, साइबेरिया, मंगोलिया में ही पाया जाता है। इस मृग की कस्तूरी बहुत ही सुगंधित और औषधीय गुणों से युक्त होती है, जो उसके शरीर के पिछले हिस्से की ग्रंथि में एक पदार्थ के रूप में होती है। कस्तूरी मृग की कस्तूरी दुनिया में सबसे महंगे पशु उत्पादों में से एक है।
- **11. डमरू और ओम की आवाज:** यदि आप कैलाश पर्वत या मानसरोवर झील के क्षेत्र में जाएंगे, तो आपको निरंतर एक आवाज सुनाई देगी, जैसे कि कहीं आसपास में एरोप्लेन उड़ रहा हो। लेकिन ध्यान से सुनने पर यह आवाज डमरू या ॐ की ध्वनि जैसी होती है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हो सकता है कि यह आवाज बर्फ के पिघलने की हो। यह भी हो सकता है कि प्रकाश और ध्वनि के बीच इस तरह का समागम होता है कि यहां से ॐ की आवाजें सुनाई देती हैं।
- **12. आसमान में लाइट का चमकना :** दावा किया जाता है कि कई बार कैलाश पर्वत पर 7 तरह की लाइटें आसमान में चमकती हुई देखी गई हैं। नासा के वैज्ञानिकों का ऐसा मानना है कि हो सकता है कि ऐसा यहां के चुम्बकीय बल के कारण होता हो। यहां का चुम्बकीय बल आसमान से मिलकर कई बार इस तरह की चीजों का निर्माण कर सकता है।


# कैलाश पर्वत की ऊंचाई माउंट एवरेस्ट से कम है, फिर भी चढ़ना है मुश्किल

हिंदू धर्म में कैलाश मानसरोवर यात्रा बेहद खास है। कैलाश पर्वत को भगवान शिव का निवास स्थल माना जाता है। इसके अलावा कैलाश पर्वत दुनिया का सबसे अद्भुत पर्वत भी कहा जाता है। आइए जानने की कोशिश करते हैं कि आखिर कैलाश पर्वत पर चढ़ना मुश्किल क्यों है।

**कैलाश पर्वत को भगवान भोलेनाथ का निवास स्थान माना जाता है। यह पर्वत अद्भुत और अनसुलझे रहस्यों से भरा हुआ है। कैलाश पर्वत हिंदू धर्म के अलावा, जैन, सिख और बौद्ध धर्म में खास महत्व रखता है और इसको लेकर हर धर्म की अपनी-अपनी मान्यताएं हैं। हिंदू धार्मिक ग्रंथो में माना गया है कि कैलाश की चढ़ाई कोई साधारण व्यक्ति नहीं कर सकता है।**

कैलाश पर्वत को भगवान भोलेनाथ का निवास स्थान माना जाता है। यह पर्वत अद्भुत और अनसुलझे रहस्यों से भरा हुआ है। शिव पुराण, स्कंद पुराण और मत्स्य पुराण में भी कैलाश पर्वत की महिमा का वर्णन मिलता है।

कैलाश पर्वत हिंदू धर्म के अलावा, जैन, सिख और बौद्ध धर्म में खास महत्व रखता है और इसको लेकर हर धर्म की अपनी-अपनी मान्यताएं हैं। हिंदू धार्मिक ग्रंथो में माना गया है कि कैलाश की चढ़ाई कोई साधारण व्यक्ति नहीं कर सकता है। हिंदू धर्म में कैलाश मानसरोवर यात्रा बेहद खास है.कैलाश पर्वत को भगवान शिव का निवास स्थल माना जाता है। इसके अलावा कैलाश पर्वत दुनिया का सबसे अद्भुत पर्वत भी कहा जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि जो भी व्यक्ति कैलाश आकर भगवान शिव के दर्शन करता है उसे मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए सभी श्रद्धालु दूर से ही कैलाश पर्वत के चरणों को छूते हैं और प्रणाम करते हैं।




**कैलाश पर्वत की ऊंचाई-** कैलाश पर्वत की ऊंचाई 6600 मीटर से ज्यादा है, जो दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट एवरेस्ट से करीब 2200 मीटर कम है। इसके बावजूद माउंट एवरेस्ट पर अब तक 7 हजार से अधिक लोग चढ़ाई कर चुके हैं लेकिन कैलाश पर्वत अब भी अजेय है, यानी हर कोशिश के बाद भी अभी तक कोई भी कैलाश पर्वत पर नहीं चढ़ पाया है। कैलाश पर्वत और कैलाश क्षेत्र पर दुनियाभर के वैज्ञानिकों द्वारा रिसर्च की गई है। इस पर रिसर्च करने वाले ह्यूरतलीज ने कैलाश पर्वत की चढ़ाई को असंभव बताया है।

**कैलाश पर्वत की मान्यता-** कैलाश पर्वत पर चढ़ाई नहीं कर पाने के पीछे ये कारण माना जाता है कि कैलाश पर भगवान शिव रहते हैं। साथ ही यहां केवल देवताओं और पुण्य आत्मा निवास करती हैं। मान्यता है कि सिर्फ वही व्यक्ति कैलाश पर जा सकता है जिसने कभी कोई पाप न किया हो। साथ ही कई लोक मान्यताओं के अनुसार, इस पर्वत के चारों ओर एक अलौकिक शक्ति का प्रवाह होता है, जो कोई भी साधारण मनुष्य नहीं झेल सकता है। इसलिए यह माना जाता है कि कोई भी जीवित व्यक्ति कैलाश की चढ़ाई नहीं कर सकता है।

**कैलाश पर्वत पर चढ़ने वाला व्यक्ति कौन है?-** ऐसा माना जाता है कि 11वीं सदी में एक तिब्बती बौद्ध योगी मिलारेपा ही कैलाश पर्वत की चढ़ाई करने में सफल हुए थे। ऐसा करने वाले वह विश्व के एकमात्र व्यक्ति माने गए, जो कैलाश पर चढ़ाई करने के बाद जीवित वापिस लौट सके। वहीं जैन धर्म के अनुयायियों का मानना है कि कैलाश पर्वत पर ही उनके पहले तीर्थंकर ऋषभनाथ को ज्ञान प्राप्त हुआ था। वहीं दूसरी ओर, बौद्ध धर्म के अनुयायी यह मानते हैं कि कैलाश पर्वत के शिखर पर ही बुद्ध का निवास स्थान है। इस प्रकार ये अलग-अलग मान्यताएं इस बात को दर्शाती हैं कि कई धर्मों का संबंध कैलाश पर्वत से जुड़ा हुआ है।

**कैलाश पर्वत पर न चढ़ पाने का वैज्ञानिक कारण-** कई लोगों ने कैलाश की चढ़ाई करने की कोशिश की है, लेकिन सभी अपनी कोशिशों में असफल रहे। कैलाश पर्वत को ब्रह्मांड और धरती के बीच का केंद्र माना जाता है। एवरेस्ट के वातावरण की तुलना में कैलाश पर्वत का वातावरण ज्यादा कठिन माना गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार, कैलाश पर्वत पर मैग्नेटिक फील्ड ज्यादा सक्रिय है, जिस वजह से इसका वातावरण अन्य किसी पर्वत के वातावरण से अलग है और यही इसकी चढ़ाई को मुश्किल बना देता है।

# मां कात्यायनी की पूजा से व्यक्ति डर और भय से हो जाता है मुक्त

**नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 रूपों की आराधना की जाती है। नवरात्रि के पांच दिन पूरे होने के बाद भक्त छठवें दिन की पूजा अर्चना तैयारी शुरू करेंगे। नवरात्रि का छठवां दिन मां कात्यानी को समर्पित माना जाता है। आइए जानते हैं कि मां कात्यायनी को प्रसन्न कर उनका आशीर्वाद पाने के लिए उनकी पूजा विधि, आरती और मंत्र जाप के बारे में।**






चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 9 अप्रैल से शुरू हो गई थी और कल नवरात्रि का छठवां दिन हैं, नवरात्रि का यह दिन मां कात्यायनी को समर्पित है। माना जाता है कि मां कात्यायी की पूजा अर्चना करने से भक्तों को सुख, समृद्धि और यश की प्राप्ति होती है। साथ ही यह भी मान्यता है कि जो भी कुवारी कन्या मां कात्यायनी की पूरी श्रद्धा भाव के साथ विधिवत ढ़ंग से मां पूजा अर्चना करती है उसे मनचाहे वर की प्राप्ति होती है।

## मां कात्यायनी का स्वरुप

पुराणों में मां कात्यायनी के स्वरुप का वर्णन मिलता है। ऋषि कात्यायन के यहां जन्म लेने के कारण देवी मां को कात्यायनी के नाम से जाना जाता है। मां दुर्गा का यह स्वरुप अत्यन्त ही दिव्य हैं। मां कात्यायनी का वाहन सिंह होता है और उनके हाथों में तलवार और कमल फूल होते हैं। इनका रंग सोने के समान चमकीला है। हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार मां कात्यायनी की उपासना से व्यक्ति डर और भय से मुक्त हो जाता है।

## पूजा विधि

नवरात्रि के छठवें दिन मां कात्यायनी की पूजा करने के लिए सुबह उठकर स्नान करने के बाद पूजा स्थल की साफ-सफाई करें। इसके बाद कलश की पूजा करने के बाद हाथ में पुष्प लेकर मां दुर्गा और मां कात्यायनी की ध्यान कर पुष्प मां के चरणों में अर्पित करें। इसके बाद माता को अक्षत, कुमकुम, पुष्प और सोलह श्रृंगार अर्पित करें। उसके बाद मां कात्यायनी को उनका प्रिय भोग शहद, मिठाई अर्पित करें। मां को जल अर्पित कर दुर्गा चलिसा और दुर्गा सप्तशती का पाठ करें।

## मां कात्यायनी के मंत्र जाप

### पहला मंत्र

सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बिके गौरी नारायणी नमोस्तुते ।।

### दूसरा मंत्र

ऊं क्लीं कात्यायनी महामाया महायोगिन्य घीश्वरी,
नन्द गोप सुतं देवि पतिं मे कुरुते नमः ।।

### तीसरा मंत्र

पत्नीं मनोरमां देहि मनोवृत्त अनुसारिणीम्।
तारिणीं दुर्ग संसार सागरस्य कुलोद्भवाम्।।

### ध्यान मंत्र

वन्दे वाञ्छित मनोरथार्थ चन्द्रार्धकृतशेखराम्।
सिंहारूढा चतुर्भुजा कात्यायनी यशस्विनीम्॥
स्वर्णवर्णा आज्ञाचक्र स्थिताम् षष्ठम दुर्गा त्रिनेत्राम्।
वराभीत करां षगपदधरां कात्यायनसुतां भजामि॥
पटाम्बर परिधानां स्मेरमुखी नानालङ्कार भूषिताम्।
मञ्जीर, हार, केयूर, किङ्किणि, रत्नकुण्डल मण्डिताम्॥
प्रसन्नवदना पल्लवाधरां कान्त कपोलाम् तुगम् कुचाम्।
कमनीयां लावण्यां त्रिवलीविभूषित निम्न नाभिम्॥

### आरती

जय जय अम्बे जय कात्यायनी।
जय जग माता जग की महारानी॥
बैजनाथ स्थान तुम्हारा। वहावर दाती नाम पुकारा॥
कई नाम है कई धाम है। यह स्थान भी तो सुखधाम है॥
हर मन्दिर में ज्योत तुम्हारी। कही योगेश्वरी महिमा न्यारी॥
हर जगह उत्सव होते रहते। हर मन्दिर में भगत है कहते॥
कत्यानी रक्षक काया की। ग्रंथि काटे मोह माया की॥
झूठे मोह से छुडाने वाली। अपना नाम जपाने वाली॥
बृहस्पतिवार को पूजा करिए। ध्यान कात्यानी का धरिये॥
हर संकट को दूर करेगी। भंडारे भरपूर करेगी॥
जो भी माँ को भक्त पुकारे। कात्यायनी सब कष्ट निवारे॥

# चैत्र नवरात्रि में विधि विधान से करें कन्या पूजन



चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 09 अप्रैल, 2024 मंगलवार के दिन से हो चुकी है। वहीं, इसका समापन 17 अप्रैल को होने जा रहा है। नवरात्रि की अवधि में 9 दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। इन नौ दिनों में से अष्टमी और नवमी तिथि को सबसे खास माना जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं, अष्टमी और नवमी तिथि पर कन्या पूजन कैसे करें।

नवरात्रि में कन्या पूजन का खास महत्व है। ऐसा इसलिए क्योंकि कन्याएं देवी दुर्गा के स्वरूपों का प्रतिनिधित्व करती हैं। साथ ही कन्याएं मां लक्ष्मी का भी स्वरूप मानी जाती हैं। कन्या पूजन का यह अनुष्ठान आमतौर पर अष्टमी व नवमी तिथि पर किया जाता है, लेकिन कई लोग इसे नवरात्रि के अन्य दिनों पर भी कर लेते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, देवी दुर्गा ने राक्षस कालासुर को हराने के लिए एक युवा लड़की के रूप में अवतार लिया था। इसलिए नवरात्रि पर कन्या पूजन को बेहद शुभ माना जाता है।

कई जगहों पर कन्या पूजन को कंजक पूजा के नाम से भी जाना जाता है। इस दौरान 9 छोटी लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ अवतारों के रूप में पूजा जाता है, जिन्हें नवदुर्गा भी कहते हैं। तो आइए जानते हैं कन्या पूजन विधि और इससे जुड़ी कुछ बातें।

## कन्या पूजन विधि

- महाअष्टमी ये नवमी के दिन स्नान आदि करने के बाद भगवान गणेश और माता गौरी की पूजा करें।
- इसके बाद कन्या पूजन के लिए 9 कन्याओं और एक लड़के को भी आंमत्रित करें।
- पूजा की शुरुआत कन्याओं के स्वागत से करें।
- इसके बाद सभी कन्याओं के साफ पानी से पैर धोएं और साफ कपड़े से पोछकर आसन पर बिठाएं।
- फिर कन्याओं के माथे पर कुमकुम और अक्षत का टीका लगाएं।
- इसके बाद कन्याओं के हाठ में कलावा या मौली बांधें।
- एक थाली के में घी का दीपक जलाकर सभी कन्याओं की आरती उतारें।
- आरती उतारने के बाद कन्याओं को भोग में पूड़ी, चना, हलवा और नारियल खिलाएं।
- भोजन के बाद उन्हें अपने सामर्थ्य अनुसार भेंट दें।
- आखिर में कन्याओं के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद जरूर लें।
- अंत में उन्हें अक्षत देकर उनसे थोड़ा अक्षत अपने घर में छिड़कने को कहें।

## कन्या पूजन का महत्व

कन्या पूजन कन्याओं का सम्मान करने और पूजा करने का सबसे अच्छा तरीका है। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार, कन्या पूजन के लिए दो से दस साल तक की कन्या उपयुक्त होती हैं। दो से दस साल तक की कन्याएं मां दुर्गा के विभिन्न रूपों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके अलावा लंगूर के रूप में एक लड़के को भी इस पूजा में शामिल किया जाता है, जिसे भैरव बाबा या हनुमान जी का प्रतीक कहा जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अष्टमी और नवमी तिथि पर कन्या पूजन करने से देवी दुर्गा प्रसन्न होती हैं और उनकी कृपा आपके परिवार पर सदा बनी रहती है।

# लोकसभा चुनाव के बाद मोबाइल फोन रिचार्ज हो जाएगा महंगा

**- दूरसंचार उद्योग में 15-17 प्रतिशत शुल्क बढ़ोतरी का अनुमान**

**नई दिल्ली ।**

लोकसभा चुनाव बाद मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों ने टैरिफ बढ़ाने की तैयारी कर ली है। यानी कि चुनावों के बाद मोबाइल रिचार्ज कराना महंगा हो जाएगा। हाल में जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आम चुनाव के बाद दूरसंचार उद्योग में 15-17 प्रतिशत शुल्क बढ़ोतरी का अनुमान है। देश में 19 अप्रैल से एक जून तक 7 चरणों में आम चुनाव होंगे। 4 जून को मतगणना की जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार दूरसंचार क्षेत्र में शुल्क वृद्धि काफी दिनों से पेंडिंग है और ऐसा माना जा रहा कि चुनावों के बाद इसमें बढ़ोतरी तय है। इसका सबसे ज्यादा लाभ भारती एयरटेल को होगा। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव के बाद उद्योग 15-17 प्रतिशत शुल्क बढ़ोतरी करेगा। आखिरी बार दिसंबर, 2021 में शुल्क में करीब 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। इसका मतलब है कि करीब 3 साल बाद टैरिफ में बढ़ोतरी की जाएगी। 17 फीसदी बढ़ोतरी होने पर 300 का रिचार्ज 351 रुपये का हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारती एयरटेल का ग्राहक आधार प्रति वर्ष करीब दो प्रतिशत की दर से बढ़ेगा, जबकि उद्योग में प्रति वर्ष एक प्रतिशत की वृद्धि होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि वोडाफोन आइडिया की बाजार हिस्सेदारी सितंबर, 2018 के 37.2 प्रतिशत से घटकर दिसंबर, 2023 में करीब आधी यानी 19.3 प्रतिशत रह गई है। भारती की बाजार हिस्सेदारी इस दौरान 29.4 प्रतिशत से बढ़कर 33 प्रतिशत हो गई है। जियो की बाजार हिस्सेदारी इस दौरान 21.6 प्रतिशत से बढ़कर 39.7 प्रतिशत हो गई है।



# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली ।**

देशभर में शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं देखा जा रहा है। देश में हर दिन सुबह 6 बजे सरकारी तेल कंपनियां पेट्रोल और डीजल की नई कीमतें जारी करती हैं। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.76 रुपये और डीजल 87.66 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.19 रुपये और डीजल 92.13 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये और डीजल 90.74 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.73 रुपये और डीजल 92.32 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 94.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.94 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.03 रुपये प्रति लीटर, बेंगलुरु में पेट्रोल 99.82 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.92 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.22 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.39 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.16 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# दालों के भंडारण और जमाखोरी रोकने के लिए केंद्र ने दिए राज्यों को निर्देश

**नई दिल्ली ।**



केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को सभी भंडारण इकाइयों द्वारा दालों के भंडार पर साप्ताहिक रिपोर्ट की व्यवस्था लागू करने को कहा है। साथ ही जमाखोरी और बाजार में हेरफेर को रोकने के लिए उनके द्वारा घोषित भंडार को सत्यापित करने के लिए कहा है, ताकि कीमतों को बेकाबू होने से रोका जा सके। उपभोक्ता मंत्रालय द्वारा राज्यों को जारी आदेश में कहा गया है कि प्रमुख बंदरगाहों और उद्योग केंद्रों में स्थित गोदामों में दालों के भंडार को समय-समय पर सत्यापित करना चाहिए और भंडार प्रकटीकरण पोर्टल पर गलत जानकारी देने वाली इकाइयों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

उपभोक्ता मामले विभाग की सचिव निधि खरे ने भंडारण इकाइयों द्वारा दालों के भंडार प्रकटीकरण को लागू करने के लिए 5 अप्रैल को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जारी निर्देश के बाद राज्य सरकारों के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की। खरे ने आयात और भंडार प्रकटीकरण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दाल आयातक संघों और अन्य दाल उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी की। प्रतिभागियों ने सामान्य रूप से दाल उद्योग और विशेष रूप से आयात पर अपने विचार और इनपुट साझा किए।

आयातकों और कंपनियों को साप्ताहिक आधार पर आयातित पीली मटर सहित दालों के अपने भंडार की घोषणा करने के लिए कहा गया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस संबंध में उपभोक्ता मामलों के विभाग ने पीले मटर को शामिल करने के लिए भंडार प्रकटीकरण पोर्टल को नया रूप दिया है और बिग चेन रिटेलर को एक इकाई के रूप में पेश किया है जो 15 अप्रैल 2024 से चालू हो जाएगा।

**पांच प्रमुख दालों** - अरहर, उड़द, चना, मसूर और मूंग के अलावा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को आयातित पीली मटर के संबंध में स्टॉक की स्थिति की निगरानी करने के लिए कहा गया है। इसी तरह, बाजार में सुचारू और निरंतर उपलब्ध कराने के लिए आयातकों के पास तुअर, उड़द और मसूर के भंडार की निगरानी की जानी है।

# आरबीआई ने शिरपुर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक पर लगाया प्रतिबंध

**- अगले 6 महीने तक अपने बैंक खाते से पैसे नहीं निकाल पाएंगे ग्राहक**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बिगड़ती वित्तीय स्थिति को देखते हुए महाराष्ट्र के शिरपुर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक पर प्रतिबंध लगा दिया है। बता दें कि शिरपुर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक पर 8 अप्रैल 2024 को कारोबार बंद होने से लगे अगले 6 महीने तक प्रतिबंध लागू रहेगा। हालांकि, रिजर्व बैंक ने कहा कि इन निर्देशों को बैंक का लाइसेंस कैंसिल किये जाने के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। अभी सिर्फ बैंक के कामकाज पर अगले 6 महीने तक का प्रतिबंध लगाया है। आरबीआई ने कहा कि बैंक अपनी वित्तीय स्थिति में सुधार होने तक कुछ प्रतिबंधों के साथ बैंकिंग कारोबार करना जारी रख सकता है।

यह पहली बार नहीं है जब आरबीआई ने ग्राहकों को इस तरह के निर्देश दिए हैं। आरबीआई ने कहा कि एलिजिबल डिपॉजिटर्स को डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन से 5 लाख रुपए तक का पैसा ग्राहकों को पाने का हक होगा।




# मूडीज ने बताया 2024 में 6.1 फीसदी से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली ।**

भारतीय अर्थव्यवस्था 2024 में 6.1 फीसदी बढ़ेगी, जो 2023 में हुई 7.7 फीसदी की वृद्धि से कम है। मूडीज एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा, दक्षिण व दक्षिण पूर्व एशिया की अर्थव्यवस्थाओं में इस साल सबसे मजबूत उत्पादन लाभ देखने को मिलेगा, लेकिन वैश्विक महामारी के बाद देरी से वापसी के कारण उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। हमें उम्मीद है कि भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पिछले साल 7.7 फीसदी के बाद 2024 में 6.1 प्रतिशत बढ़ेगी।'' रिपोर्ट में कहा गया कि कुल मिलाकर यह क्षेत्र दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि एपीएसी (एशिया प्रशांत) अर्थव्यवस्था इस साल 3.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। विश्व अर्थव्यवस्था 2.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी। मूडीज ने कहा, वैश्विक महामारी से पहले के प्रक्षेपवक्र के सापेक्ष जीडीपी को देखने से पता चलता है कि भारत तथा दक्षिण पूर्व एशिया ने दुनिया भर में सबसे बड़े उत्पादन घाटे को देखा है और यह महज ठीक होने की शुरुआत हुई है। मुद्रास्फीति के संबंध में इसमें कहा गया है कि चीन और भारत के लिए परिदृश्य अधिक अनिश्चित है। इस महीने की शुरुआत में, भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा था कि खाद्य मूल्य अनिश्चितताएं भविष्य में मुद्रास्फीति पर असर डाल सकते है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 4.5 फीसदी खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान बरकरार है।




# मस्क का दावा, मेटा विज्ञापन के बारे में झूठ बोलता

**वाशिंगटन ।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि मार्क जुकरबर्ग के नेतृत्व वाला मेटा विज्ञापन के बारे में झूठ बोलता है, जबकि उनका एक्स फेसबुक के मालिक की तुलना में बेहतर रिटर्न देता है। टेक अरबपति ने कहा, हमारी विज्ञापन प्रासंगिकता में काफी सुधार हुआ है। एक अन्य एक्स यूजर ने कहा कि मेटा पर विज्ञापन लागत में वृद्धि और आरओएएस (विज्ञापन व्यय पर रिटर्न) में कमी की प्रवृत्ति जारी है और ऐसा लगता है कि स्थिति और बदतर हो रही है। मस्क ने कहा, विज्ञापन प्रासंगिकता और मेटा तक पहुंच पर विज्ञापनदाताओं का कोई नियंत्रण नहीं है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि अब हम एक्स पर इतने सारे नए विज्ञापनदाताओं को शामिल कर रहे हैं। जवाब में, मस्क ने लिखा, एक्स पर विज्ञापन दें। इस साल फरवरी में, मस्क द्वारा संचालित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने विज्ञापनदाताओं को क्रिएटर टारगेटिंग कार्यक्रम के माध्यम से प्लेटफॉर्म पर कुछ सामग्री निर्माताओं के बगल में विज्ञापन चलाने की अनुमति दी। विज्ञापनदाताओं को अपने विज्ञापनों को विवादास्पद या आपत्तिजनक सामग्री के बगल में प्रदर्शित होने से रोकने की अनुमति भी है।



# सेबी ने प्रभु स्टील, उसके प्रवर्तकों पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

**मुंबई ।** बाजार नियामक सेबी ने प्रभु स्टील इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीएसआईएल) और इसके प्रवर्तकों पर नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन के मामले में कुल 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने आदेश में कहा कि पीएसआईएल और उसके प्रवर्तकों हरीश गंगाराम अग्रवाल, दिनेश गंगाराम अग्रवाल और अक्षिता हरीश अग्रवाल पर तीन-तीन लाख रुपए का जुर्माना लगाया जा रहा है। इसके साथ ही सेबी ने जुर्माना 45 दिन के भीतर जमा करने का निर्देश दिया। सेबी को 14 फरवरी, 2022 को पीएसआईएल के मामले में राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण से एक समीक्षा रिपोर्ट मिली थी जिसमें कंपनी के लेखांकन और लेखा-परीक्षा मानकों के संबंध में गंभीर खामियों का जिक्र किया गया था। इसके बाद सेबी ने प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) अधिनियम और खुलासा नियमों के प्रावधानों के तहत पीएसआईएल के वित्तीय विवरणों में गलत बयानी की जांच की थी। इसमें पाया गया कि पीएसआईएल ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिए गलत खुलासे और वित्तीय विवरण पेश किए थे।

# वित्त वर्ष 2023-24 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री बढ़ी

**नई दिल्ली ।** वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत बढ़कर 42,18,746 इकाई हो गई। उद्योग निकाय सियाम ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2022-23 में कुल यात्री वाहन आपूर्ति 38,90,114 इकाई रही थी। सियाम की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में दोपहिया वाहनों की बिक्री 13.3 प्रतिशत बढ़कर 1,79,74,365 इकाई रही, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 1,58,62,771 इकाई थी। समीक्षाधीन अवधि में सभी श्रेणियों में वाहन बिक्री 12.5 प्रतिशत बढ़कर 2,38,53,463 इकाई रही जो वित्त वर्ष 2022-23 में 2,12,04,846 इकाई थी।

# एयर इंडिया के पांच नए संपर्क केंद्र शुरू

**नई दिल्ली ।** एयर इंडिया ने दुनिया भर में अपने ग्राहकों को सहायता देने के लिए काहिरा और कुआलालंपुर सहित पांच स्थान पर नए संपर्क केंद्र खोल दिए हैं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने मुंबई, काहिरा और कुआलालंपुर में केंद्रों से प्रीमियम सेवाओं का प्रबंधन करने के लिए कैलिफोर्निया मुख्यालय वाली ग्राहक सहभागिता कंपनी कॉन्सेंट्रिक्स के साथ साझेदारी की है। इसके अलावा वाहक ने घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए नोएडा और बेंगलुरु में संपर्क केंद्र संचालित करने का काम आईएनर्जाइज़र को सौंपा है। इसमें कहा गया है कि शिकायत प्रबंधन डेस्क ग्राहकों के सभी सवालों, समस्याओं का तुरंत समाधान करता है और चौबीसों घंटे सहायता प्रदान करता है।

# टाटा स्टील के ब्रिटिश संयंत्र के कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे

**लंदन ।**




टाटा स्टील के लगभग 1,500 कर्मचारियों ने ब्रिटेन के वेल्स में स्थित दो संयंत्रों में ब्लास्ट फर्नेस बंद करने और 2,800 कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना के विरोध में हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। मुंबई मुख्यालय वाली इस्पात कंपनी ने कहा कि वह इस मुद्दे पर सलाह प्रक्रिया जारी रहने के बीच कर्मचारियों के इस कदम से निराश है। टाटा स्टील ने कहा कि नई इलेक्ट्रिक प्रौद्योगिकी की तरफ बदलाव को देखते हुए उसकी पुनर्गठन योजनाएं व्यवसाय को बनाए रखने के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए फर्नेस बंद करने और 2,800 नौकरियां खत्म करने की योजना बनाई गई थी। इस बीच कर्मचारी संगठन यूनाइट द यूनियन ने कहा कि टाटा स्टील के पोर्ट टालबोट और न्यूपोर्ट लानवर्न संयंत्रों में कार्यरत कर्मचारियों ने विनाशकारी योजनाओं के खिलाफ मतदान किया है क्योंकि वे कंपनी के नजरिये से सहमत नहीं हैं। कर्मचारी संगठन के महासचिव शेरोन ग्राहम ने हड़ताल पर जाने के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस्पात श्रमिकों ने 1980 के दशक के बाद से इस तरह हड़ताल करने के पक्ष में मत नहीं दिया है। कर्मचारियों ने यह मतदान हड़ताल की स्थिति में बढ़ा हुआ अतिरिक्त पैकेज वापस ले लेने की टाटा की धमकी के बावजूद किया है। इसके साथ ही कर्मचारी संगठन ने कहा कि अधिकतम प्रभाव पैदा करने के लिए निर्धारित हड़ताल की तारीखों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के साथ ही मुनाफावसूली से आई है। इसके अलावा एशियाई बाजारों में कमजोर कारोबार से भी बाजार पर दबाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 793.25 अंक करीब 1.06 फीसदी नीचे आकर 74,244.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 27 के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 234.40 अंक तकरीबन 1.03 फीसदी टूटकर 22,519.40 पर बंद हुआ। इस दौरान 45 शेयर नुकसान में रहे। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, मारुति, पावर ग्रिड, टाइटन, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर टूटकर बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर टाटा मोटर्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और नेस्ले के शेयर बाजार में गिरावट के बाद भी लाभ में रहे। एशियाई बाजारों में जापान का टोक्यो बढ़त पर रुख में बंद हुआ जबकि जबकि सियोल, शंघाई और हांगकांग निचले स्तर पर बंद हुए। यूरोपीय बाजार पॉजिटिव क्षेत्र में कारोबार कर रहे थे। वहीं अमेरिकी शेयर बाजार गत दिवस बढ़त पर बंद हुए। इस बीच, वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.95 फीसदी बढ़कर 90.56 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 2,778.17 करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी।




अमेरिका में उम्मीद से अधिक मुद्रास्फीति दर के कारण वैश्विक बाजारों में गिरावट आई, जिससे यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो गईं। हालांकि शुक्रवार को एशिया-प्रशांत बाजारों में मिलाजुला रुझान दिखा क्योंकि निवेशकों ने सिंगापुर और दक्षिण कोरिया के आर्थिक आंकड़ों का मूल्यांकन किया। इसके अलावा चीन के व्यापार आंकड़ों का भी इंतजार है। अमेरिकी बाजार में एसएंडपी 500 और नैस्डैक कंपोजिट दोनों मे क्रमशः 0.74 प्रतिशत और 1.68 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली। जबकि डाउ और जोंस एक दायरे में बंद हुए।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों की वजह से हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बाजार की गिरावट के साथ शुरुआत हुई है। बाजार के प्रमुख इंडेक्स लाल निशान में कारोबार करते दिखाई दिए। बीएसई सेंसेक्स 160 अंक गिरकर 74,874 पर और एनएसई निफ्टी 50 57 अंक बढ़कर 22,697 पर कारोबार कर रहा था।

# मालदीव पर्यटकों को लुभाने भारतीय शहरों में करेगा रोड शो

**- मालदीव में भारतीय पर्यटकों के न पहुंचने से बिगड़ने लगी उसकी अर्थव्यवस्था**

**नई दिल्ली।**

चीन के बहकावे में आकर भारत से पंगा लेने की वजह से मालदीव में भारतीय टूरिस्टों के न पहुंचने से उसकी अर्थव्यवस्था पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। इसे लिए वह पर्यटकों को लुभाने के लिए भारतीय शहरों में रोड शो करने की योजना बना रहा है। दरअसल, दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के बीच मालदीव पहुंचने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में गिरावट जारी है। यही वजह है कि मालदीव में एक प्रमुख पर्यटन निकाय ने घोषणा की है कि वे भारतीय पर्यटकों को वापस लुभाने के लिए भारतीय शहरों में रोड शो आयोजित करेंगे। बता दें कि मालदीव को भारतीय टूरिस्टों की ओर से बहिष्कार अभियान का सामना तब करना पड़ा, जब इसी साल जनवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश की अपनी यात्रा के दौरान लक्षद्वीप की तुलना मालदीव से की थी, जिसके बाद मालदीव के मंत्रियों सहित कई अधिकारियों ने पीएम मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। मालदीव की ओर से विवादित टिप्पणियों के बाद भारतीयों ने मालदीव का बहिष्कार करना शुरू कर दिया था और लक्षद्वीप को टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर प्रमोट करने लगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 8 अप्रैल को माले में भारतीय उच्चायुक्त के साथ चर्चा के बाद मालदीव एसोसिएशन ऑफ ट्रैवल एजेंट्स एंड टूर ऑपरेटर्स ने भारतीय शहरों में रोड शो आयोजित करने सहित यात्रा और पर्यटन सहयोग बढ़ाने की योजना की घोषणा की थी। पर्यटन निकाय ने एक बयान में कहा` कि भारत के प्रमुख शहरों में एक व्यापक रोड शो शुरू करने और आगामी महीनों में मालदीव में प्रभावशाली लोगों और मीडिया परिचित यात्राओं को सुविधाजनक बनाने की योजना पर काम चल रहा है। इतना ही नहीं एसोसिएशन ने कहा कि मालदीव के पर्यटन के लिए भारत एक महत्वपूर्ण बाजार बना हुआ है। उसने कहा कि वे मालदीव को एक प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में बढ़ावा देने के लिए भारत भर के प्रमुख ट्रैवल एसोसिएशन और इंडस्ट्री स्टेकहोल्डर्स के साथ साझेदारी करने के लिए तत्पर हैं। दरअसल, मालदीव के पर्यटन मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत संग राजनयिक विवाद के बाद मालदीव में पर्यटन के लिए आने वाले भारतीय यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। 2023 में मालदीव का दौरा करने वाले 17 लाख से अधिक पर्यटकों में से अधिकांश भारतीय (2,09,198) थे, उसके बाद रूसी और चीनी थे। हालांकि, राजनयिक तनाव के बाद के हफ्तों में भारतीयों की संख्या पांचवें स्थान पर खिसक गई है।

# वोडाफोन आइडिया ने 18,000 करोड़ के एफपीओ की घोषणा की

**नई दिल्ली ।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया के निदेशक मंडल ने 18,000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि एफपीओ 18 अप्रैल को खुलकर 22 अप्रैल को बंद होगा। इसकी न्यूनतम कीमत 10 रुपये और अधिकतम सीमा 11 रुपये प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित की गई है। वोडाफोन आइडिया बीएसई को दी जानकारी में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में 18,000 करोड़ रुपये तक के इक्विटी शेयरों के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को मंजूरी दे दी। कंपनी के अनुसार पूंजी जुटाने वाली समिति ने आज यानी 12 अप्रैल को हुई अपनी बैठक में एफपीओ जारी करने के लिए मूल्य दायरे को मंजूरी दे दी।




बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)
फोन– 0120– 2321857
मो0– 9811082962



# मैं कड़ी मेहनत करती रहूंगी: मृणाल ठाकुर

अपनी नवीनतम फिल?म द फैमिली स्टार को लेकर भगवान का आशीर्वाद पाने के लिए एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे इतना प्यार देने के लिए मैं सभी को धन्यवाद कहना चाहती हूं। मुझे दर्शकों के दिलों तक पहुंचने में काफी समय लगा लेकिन अब जब मैंने लोगों के दिलों में जगह बना ली है तो मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं कड़ी मेहनत करती रहूंगी और ज्यादा से ज्यादा फिल्में लेकर आऊंगी। एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि इस फिल्म को ऐसा रिस्पॉन्स मिलेगा। मैंने पहले कभी कोई रॉम-कॉम (रोमान्स कॉमेडी) नहीं किया है। यह मेरा पहला अनुभव है, और लोग इसे पसंद कर रहे हैं। मुझे कॉमेडी करने में बहुत मजा आया। मेरी पिछली सभी भूमिकाएं गंभीर थीं। इस फिल्म पर काम करना मेरे लिए वाकई हवा के झोंके जैसा था। जल्द ही फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी और हिंदी दर्शक भी इसका लुत्फ उठा सकेंगे। द फैमिली स्टार एक तेलुगु भाषा की रोमांटिक पारिवारिक ड्रामा फिल्म है, जो परशुराम द्वारा लिखित और निर्देशित है और यह श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के तहत दिल राजू और सिरीश द्वारा निर्मित है। फिल्म में विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर मुख्य भूमिका में हैं और यह 5 अप्रैल, 2024 को रिलीज हुई थी। बता दें कि एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी हालिया रिलीज द फैमिली स्टार के लिए प्रशंसा बटोर रही हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वक्त तो लगा लेकिन आखिरकार मैंने दर्शकों के दिलों में जगह बना ली। मृणाल को दर्शकों से बेहद प्यार मिल रहा है।



# अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर सलमान ने प्रंशसकों को दी ईदी

सलमान खान ने अपनी अगली फिल्म के नाम से पर्दा हटाकर आज अपने प्रशंसकों को ईदी दे दी है। साजिद नडियादवाला द्वारा निर्मित और ए.मुर्गदास द्वारा निर्देशित उनकी अगली फिल्म का नाम सिकंदर रखा गया है। यह आगामी वर्ष ईद के मौके पर प्रदर्शित होगी। दंबग खान जाने माने प्रोड्यूसर नाडियाडवाला और डायरेक्टर मुर्गदास के साथ मिलकर सिकंदर लेकर आ रहे हैं। मेकर्स ने ईद के खास मौके पर सलमान की अगली फिल्म के नाम से पर्दा उठाया है। उनका मानना है सिकंदर फिल्म एक सिनेमेटिक स्पेक्टिकल होने वाली है।

फिल्म का टाइटल अनाउंस करते हुए सलमान ने लिखा- इस ईद बड़े मियां छोटे मियां और मैदान को देखो और अगली ईद सिकंदर से आकर मिलो। सभी को ईद मुबारक। रिपोर्ट के मुताबिक, सिकंदर फिल्म एक्शन से भरपूर होगी, इसमें इमोशंस के साथ पावरफुल सोशल मैसेज भी दिया जाएगा। सिकंदर से पहले भी प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला और सलमान खान ने साथ में काम किया है। इनकी जोड़ी ने जुड़वा, मुझसे शादी करोगी, किक सरीखी सुपरहिट फिल्में दी हैं। हालांकि किक के बाद दर्शकों को इनके साथ आने का बेसब्री से इंतजार था, जो कि अब खत्म हो गया है। वहीं मुर्गदास की हिन्दी सिनेमा की पहली 100 करोड़ी फिल्म गजनी के अतिरिक्त दर्शकों को अक्षय कुमार की हॉलीडे ॅ ए सोल्डर इस नेवर ऑफ ड्यूटी देने के साथ ही सोनाक्षी सिन्हा को लेकर एक्शन फिल्म के लिए जाने जाते हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने कई तमिल ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं।



# द गारफील्ड मूवी के हिंदी वर्जन में वरुण शर्मा दे रहे आवाज

द गारफील्ड मूवी फिल्म का दुनियाभर के दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। द गारफील्ड मूवी का फुल टू मस्ती भरा ट्रेलर पहले ही रिलीज हो गया है, जिसे देखकर फैंस इसके लिए और ज्यादा एक्साइटेड हो गए हैं। वहीं जानकारी मिल रही है कि इसके हिंदी वर्जन के लिए फुकरे अभिनेता वरुण शर्मा अपनी आवाज देने वाले हैं। जी हां, द गारफील्ड मूवी के लिए अब इंडियन फैंस और ज्यादा एक्साइटेड हो गए हैं क्योंकि इस फिल्म में उनके फेवरेट और फुकरे स्टार वरुण शर्मा अपनी आवाज दे रहे है। अपने चुलबुले अंदाज और जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाने वाले वरुण शर्मा गारफील्ड के आउटडोर सफर और उस्ताह में अपना मजेदार स्टाइल जोड़ने वाले हैं। गारफील्ड हिंदी के बारे में वरुण शर्मा ने कहा, मेरे लिए, द गारफील्ड मूवी के लिए अपनी आवाज देना एक चरित्र रहा है, जिसे मैंने अपने बचपन से फॉलो किया है। सारी डबिंग प्रक्रिया एक अद्भुत अनुभव था, जिसमें मुझे अपने बचपन की यादें दोबारा जीने का मौका मिला। इस अवसर के लिए मैं आभारी हूं। सोनी पिक्चर्स रिलीजिंग इंटरनेशनल (एसपीआरआई) इंडिया के जनरल मैनेजर और हेड, इस मौके पर कहते हैं, 'द गारफील्ड मूवी' के हिंदी संस्करण के लिए वरुण शर्मा के साथ सहयोग करने के लिए हम उत्साहित हैं। गारफील्ड का एक विचित्र व्यक्तित्व है, और हाल की फिल्मों में वरुण की अत्यधिक और हास्यास्पद परफॉर्मेंस इस किरदार के लिए उन्हे सही बनाती हैं।' द गारफील्ड मूवी भारत में 17 मई 2024 को अंग्रेजी, हिंदी और तमिल भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# मुमताज के साथ मेरा बहुत करीबी रिश्ता था: अरुणा ईरानी


अपने जमाने की मशहूर अभिनेत्री अरुणा ईरानी ने हाल ही में अदाकारा मुमताज के साथ अपने बॉन्ड को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे साथ काम करते-करते उनकी दोस्ती मुमताज के साथ बहुत अच्छी हो गई। अरुणा ईरानी और मुमताज ने अपने-अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। दोनों ने साथ में 'पत्थर के सनम', 'ताला' और 'बंधन' जैसी फिल्मों में स्क्रीन स्पेस साझा किया था। दोनों इतने अच्छे दोस्त रहे कि अरुणा, मुमताज के पुराने कपड़े भी पहन लेते थी। यह खुलासा अरुणा ईरानी ने हाल ही एक इंटरव्यू में किया है। अरुणा ईरानी ने एक इंटरव्यू में बीते दिनों की यादें ताजा करते हुए मुमताज से जुड़ा किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा कि मुमताज के साथ मेरा बहुत करीबी रिश्ता था। एक साथ काम करने के दौरान दोनों में नजदीकियां बढ़ीं और दोनों दोस्त बन गए। अरुणा ईरानी प्यार से मुमताज को 'मुमू' बुलाती हैं। एक्ट्रेस ने बताया वो मुझे अपने पुराने कपड़े देती थीं। वह घर से अपने पुराने कपड़े लातीं और मुझसे कहती थीं, 'तू ये लेकर जाना।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं अपने साइज के हिसाब से उन कपड़ों की फिटिंग करके पहन लेती थी।

अरुणा ईरानी और मुमताज का 60-70 के दशक में खूब जलवा था। दोनों ने ही बचपन से गरीबी के दिन देखे, पर उन्हें अपनी किस्मत नहीं बनने दिया। बल्कि मुमताज और अरुणा ईरानी ने कड़ी मेहनत के दम पर किस्मत की रेखाएं बदलीं और स्टार बन गईं। बता दें कि अरुणा ईरानी, जिन्होंने कभी खूंखार सास तो कभी खड़ूस पत्नी का किरदार निभाया। 'कारवां', 'बॉम्बे टू गोवा', 'पत्थर के सनम' और 'बंधन' जैसी शानदार फिल्मों में काम करने वालीं अरुणा ईरानी ने 70-80 के दौर में बॉलीवुड में एक से बढ़कर एक फिल्में दी।



# श्रद्धा ने स्टाइलिश अंदाज में दिए कई पोज

हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर को मुंबई के जुहू में स्पाट किया गया। इस दौरान उनका ग्लैमरस लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो श्रद्धा पिंक फार्मल आउटफिट में बॉसी दिखीं। लुक की बात करें तो श्रद्धा ने पिंक ब्रालेट, पैंट के साथ कोट कैरी किया है। मिनिमल मेकअप, ओपन हेयर्स श्रद्धा के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। श्रद्धा ने इस दौरान नेकपीस, रिंग्स जैसी एक्सैसरीज पेयर की थीं। मीडिया कैमरों के सामने श्रद्धा ने स्टाइलिश अंदाज में कई पोज दिए। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। बता दें कि श्रद्धा इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। खबरें हैं कि श्रद्धा राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। हाल ही में श्रद्धा और राहुल का इंटरनेशनल सिंगर रिहाना के कॉन्सर्ट से एक पुराना वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ये वीडियो मार्च 2024 में जामनगर में आयोजित हुए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेरेमनी का था, जिसमें इंटरनेशनल सिंगर रिहाना का कॉन्सर्ट होस्ट किया गया था। श्रद्धा कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अपकमिंग फिल्में टाइम ट्रैवल और पौराणिक कथाओं पर आधारित होंगी श्रद्धा निर्देशक अमर कौशिक की बहुप्रतीक्षित कॉमेडी हॉरर फिल्म स्त्री 2 में पंकज त्रिपाठी और राजकुमार राव के साथ दिखाई देंगी। बता दें कि एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर बी-टाउन की टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में से एक हैं। श्रद्धा अपनी सादगी, डाउन टू अर्थ नेचर व मनमोहक मुस्कान से लाखों दिलों पर राज करती हैं। एक्टिंग के अलावा श्रद्धा अपने लुक्स के चलते भी सुर्खियों में रहती हैं।



# धनुष और ऐश्वर्या ने लिया एक-दूसरे अलग होने का फैसला

साउथ के सुपर स्टार धनुष और उनकी पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत ने अब अलग होने का फैसला कर लिया है। दोनों ने चेन्नई की फैमिली कोर्ट में तलाक के लिए अपनी अर्जी दाखिल की है। धनुष और ऐश्वर्या आपसी सहमति के बाद इस नतीजे पर पहुंचे हैं। कुछ ही दिनों में इस मामले में सुनवाई शुरू हो जाएगी। बता दें कि धनुष और ऐश्वर्या रजनीकांत दो साल से साथ नहीं हैं। वे साल 2022 में ही एक-दूजे से अलग होने का एलान कर चुके थे। नाता तोड़ने का एलान करने के बाद भी धनुष और ऐश्वर्या रजनीकांत ने तलाक नहीं दिया था। यही वजह थी कि काफी समय पहले यह अफवाह उड़ी थी कि दोनों के बीच सुलह हो गई है। उन दिनों दोनों ही अपने काम में काफी व्यस्त भी थे। दोनों साथ तो नहीं थे, लेकिन माता-पिता होने के चलते अपने बच्चों की परवरिश जरूर कर रहे थे। उनके दो बेटे हैं, जिनका नाम यात्रा और लिंगा है। धनुष की आने वाली फिल्म कुबेर है। इसका निर्देशन शेखर कम्मुला कर रहे हैं। फिल्म में नागार्जुन अक्किनेनी और रश्मिका मंदाना जैसे बड़े कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म में एक्शन और थ्रिलर देखने को मिल सकता है। वहीं, ऐश्वर्या रजनीकांत की बात करे तो उनकी आखिरी फिल्म लाल सलाम इसी साल 9 फरवरी को रिलीज हुई थी। इस फिल्म से ऐश्वर्या ने नौ साल बाद निर्देशक के रूप में वापसी की थी। बता दें कि धनुष के फैंस के बीच इस खबर से मायूसी का माहौल है। धनुष और ऐश्वर्या रजनीकांत साल 2004 में एक-दूसरे से शादी के बंधन में बंधे थे। दोनों का रिश्ता 18 साल तक चला। शादी के वक्त धनुष की उम्र 21 साल और ऐश्वर्या की 23 साल थी।



# सोनाक्षी सिन्हा की दमदार परफॉर्मेंस ने जीता फैंस का दिल

कुछ दिनों पहले वेब सीरीज 'हीरामंडी- द डायमंड बाजार' का गाना 'तिलस्मी बाहें' रिलीज हुआ, जिसमें सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी दमदार परफॉर्मेंस से फैंस का दिल जीत लिया है। इस सीरीज को मशहूर फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली ने बनाया है। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस गाने को सोनाक्षी सिन्हा ने एक शॉट में पूरा किया है। जानकारी के मुताबिक सोनाक्षी सिन्हा ने 'हीरामंडी- द डायमंड बाजार' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में बताया, 'मुझे अभी भी यकीन नहीं हो रहा है कि ये कैसे हुआ है और कितनी जल्दी हुआ। हमने रिहर्सल की थी और चार दिनों तक गाने की शूटिंग चलने वाली थी। मैंने लगभग 3 बजे तक शूटिंग की, फिर जब संजय सर ने अचानक फैसला किया कि मुझे ये नहीं करना है, कुछ और करना है'। सोनाक्षी सिन्हा ने आगे बताया, 'वह बैठ गए एक-एक करके अपने सभी असिस्टेंट डायरेक्टर्स को डांस करने के लिए कहा। शाम को लगभग 7 बजे उन्होंने मुझसे अचानक मुझसे कहा कि तुम वही करो, जो अभी इन लोगों ने किया है। टेबल पर खड़े होकर जंगली डांस करो। इधर आकर कुर्सी पकड़ लेना, फिर ये लोग तुम्हारे पैर दबाएंगे और उसके बाद तुम उठकर जाना और हुक स्टेप करना।' सोनाक्षी ने बताया कि, 'उन्होंने कहा कि नहीं, नहीं इसे एक ही शॉट में करना है। मैंने सोचा कि अपने पूरे करियर में मैंने किसी भी गाने को एक टेक में शूट नहीं किया है। फिर मैंने उनसे कहा कि मुझे रिहर्सल करने के लिए टाइम चाहिए, लेकिन मुझे लेकर वह कॉन्फिडेंट थे और उन्होंने मुझ पर भरोसा किया। यह उनका विश्वास ही था जिसने मुझे बेस्ट शॉट देने के लिए प्रोत्साहित किया और गाना एक ही शॉट में पूरा गाना कम्प्लीट हो गया ।एक्ट्रेस ने बताया कि वह नर्वस हो गई थीं और इसके लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं थीं। उन्हें लगा कि इसे कई शॉट में किया जाएगा, जिसके रिहर्सल के लिए उन्हें पर्याप्त टाइम मिलेगा।



# बिना नोएडा आए ही डा. महेश शर्मा को बड़ा आशीर्वाद दे गए अमित शाह

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता तथा गृहमंत्री अमित शाह ने नोएडा सीट से भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा को बड़ा आशीर्वाद दिया है। खराब मौसम के कारण नोएडा में आयोजित भाजपा की जनसभा में अमित शाह खुद उपस्थित नहीं हो पाए । नोएडा के सेक्टर 33 में आयोजित भाजपा की जनसभा को अमित शाह ने फोन से संबोधित किया। फोन से नोएडा की जनता को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने नोएडा (गौतम बुद्धनगर)से भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा को जीत का आशीर्वाद दिया।

नोएडा का चहुमुखी विकास कराया है डॉक्टर महेश शर्मा ने फोन से नोएडा की जनता को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा डॉ महेश शर्मा की जोड़ी ने नोएडा के क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट बनवाकर ऐतिहासिक काम किया है।अमित शाह ने आगे कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा ने नोएडा का ऐतिहासिक विकास कराया है। नोएडा के चहुंमुखी विकास से नोएडा क्षेत्र की जनता को खूब लाभ हुआ है । अमित शाह ने नोएडा की जनता से माफी मांगते हुए कहा कि खराब मौसम के कारण आज नोएडा में नहीं पहुंच पाया हूं । उन्होंने कहा कि मैं नोएडा की जनता से वायदा करता हूं कि मैं डॉक्टर महेश शर्मा





के विजय जुलूस में शामिल होने के लिए जरूर आऊंगा ।

इस अवसर पर नोएडा के विधायक पंकज सिंह, सिकंदराबाद की विधायक लक्ष्मी राज, खुर्जा की विधायक मीनाक्षी सिंह, उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंशी, उत्तर प्रदेश राज महिला आयोग की अध्यक्ष विमलावोत्तम, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता नवाब सिंह नागर, एमएलसी नरेंद्र भाटी, एमएलसी श्रीचंद शर्मा, गौतमबुद्ध नगर के जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, डॉक्टर महेश शर्मा की धर्मपत्नी डॉ उमा शर्मा तथा उनकी पुत्री डॉक्टर पल्लवी शर्मा, पूर्व समाजवादी पार्टी के नेता तथा बसपा से चुनाव लड़ चुके व पूर्व मंत्री मदन चौहान, भाजपा के लोकसभा प्रभारी अनिल सिसोदिया, नोएडा विधानसभा प्रभारी मीनाक्षी बराला, राज्यसभा सदस्य कांता कर्दम, भाजपा की जिला अध्यक्ष गजेंद्र मावी, महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महामंत्री उमेश त्यागी, संजय वाली, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रामनिवास यादव, नीता बाजपेई, रचना यदुवंशी, डिंपल आनंद, जिंदगी राम यादव, विनोद शर्मा, चमन अवाना, मीडिया प्रभारी तन्मय शंकर, वरिष्ठ नेता पंडित रविकांत मिश्रा,आदि सैकड़ो नेता मौजूद रहे। मंच का संचालन भाजपा के महामंत्री गणेश जाटव ने किया। शिवांश श्रीवास्तव, डॉक्टर प्रसेनजीत, अशोक मिश्रा , भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश प्रजापति, अल्पेश गर्ग तथा महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारी भी मौजूद थी।

## नोएडा की जनसभा में जुटी भारी भीड़

नोएडा के सेक्टर-33 में भारतीय जनता पार्टी की जनसभा में भारी भीड़ एकत्र हुई थी। भीड़ को देखकर ऐसा लग रहा था कि मानों पूरा नोएडा शहर जनसभा में उमड़ पड़ा हो। राजनैतिक विश्लेषक इस जनसभा को अब तक की सबसे बड़ी चुनावी जनसभा बता रहे हैं। यह अलग बात है कि अमित शाह को अपने सामने देखने तथा उनका भाषण सुनने आए नोएडा के नागरिक अमित शाह के न आने से निराश नजर आए। इस दौरान नोएडा क्षेत्र के भाजपा के सभी बड़े नेता तथा नोएडा के सांसद व प्रत्याशी डा. महेश शर्मा जनता को संबोधित करते हुए नजर आए। भाजपा के सभी नेताओं ने कहा कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा को आपार जनसमर्थन मिल रहा है। इस जनसमर्थन को देखकर साफ है कि नोएडा सीट से डा. महेश शर्मा ऐतिहासिक अंतर से चुनाव जीतने वाले हैं। भारतीय जनता पार्टी ने अमित शाह को दुबारा नोएडा बुलाने की योजना पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है।





**नोएडा के सेक्टर-33 शिल्पहट पार्क के पास देश के गृहमंत्री अमित शाह की रैली के दौरान मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित रविकांत मिश्रा साथ में भाजपा की नोएडा विधानसभा चुनाव की प्रभारी मीनाक्षी बराला, बेगराज गुर्जर, राजेंद्र अवाना, विनोद तिवारी, एसके त्यागी तथा नरेंद्र चोपड़ा आदि**



**गौतमबुद्धनगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने ज्वाइंट सीपी नोएडा हेड क्वाटर व DCP नोडल अधिकारी चुनाव के साथ आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए बाहर से आने वाले पुलिस बल के ठहरने की व्यवस्था के उचित प्रबन्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।**

# हिंदुत्व के आत्मबोध से होगी भारत की प्रगति

## राम हमें द्वेष करना नहीं, द्वेष ख़त्म करना सिखाते है : डॉ. कृष्ण गोपाल

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा चित्र मंचप्रेरणा शोध संस्थान न्यास के तत्वाधान में 'राम मंदिर से राष्ट्र का पुररुद्धार' विषय पर एक भव्य गोष्ठी आयोजित की गई। इस गोष्ठी के मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ कृष्ण गोपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ये केवल एक मंदिर नहीं, ये लोगो की आत्मा का संरक्षण है। राम हमें द्वेष करना नही, द्वेष खत्म करना सिखाते है। गोष्ठी के संबोधित करते हुए डॉ. कृष्ण गोपाल ने कहा कि आगे एक लंबी यात्रा है और उसकी तैयारी हमें करनी होगी। हमारा देश विश्व की सबसे पुरानी सभ्यता और संस्कृति वाला देश है।

संगोष्ठी के दौरान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बारे में अपना अनुभव साझा करते हुए कार्यक्र म की विशिष्ट अतिथि एवं लोक





गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि अपने बचपन में वो राम मंदिर के निर्माण हेतु चल रहे उस संघर्षों को आँखों देखा है प्रतिकुल समय होने के बावजूद कैसे भारत के उस विश्वास के प्रति समाज का भरोसा बना रहा। मालिनी के मुताबिक 22 जनवरी 2024 राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में जो भी वहां उपस्थित थे उसमें मानो हमारे प्रभु श्री राम की छवि परिलिक्षित हो रही थी। उन्होंने यह भी कहा कि वो अपने आप को बहुत सौभाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में गीत गाने का अवसर मिला। गोष्ठी के दौरान ही विचार पत्रिका एवं प्रेरणा विमर्श 2023 की स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

# गाजियाबाद में झुग्गियों में लगी भीषण आग

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** गाजियाबाद जिले में आग लगने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि गाजियाबाद के इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र में झुग्गियों में भीषण आग लग गई। आग इतना भीषण थी इसकी लपटें दूर से ही दिखाई दे रही थी। सूचना के बाद पहुंची दमकल की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पा लिया है। आग लगाने के कारणों को पता नहीं चल पाया है। फिलहाल हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

दरअसल गाजियाबाद के इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के मकनपुर में शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे के आस पास अज्ञात करणों के चलते कई झुग्गियों में आग लग गई। आग लगने के बाद घरेलू गैस सिलेंडर में ब्लास्ट होने लगे। इससे पूरे इलाके में अफरातरफरी मच गई। आसपास के रहने वाले लोगों ने फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। बताया जा रहा है कि इन झुग्गियां में कई परिवार रहते है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन तकरीबन 25 झुग्गियां जलकर पूरी तरीके से राख हो चुकी है। विभाग की मुस्तैदी से करीब 50 से 60 झुग्गियों को आग से बचा लिया गया है। वहां तक आग नहीं पहुंचने दी गई है। अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं हैं। हालांकि झुग्गियां के अंदर रखा सामान जलकर राख हो गया।

दमकल विभाग के अधिकारी राहुल पाल ने



बताया कि इन 25 झुग्गियों में रह रहे लोगों का सारा सामान जलकर राख हो गया है। हालांकि, कोई भी जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग की करीब आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू लिया है। दमकल अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि अभी जांच की जाएगी कि इतनी सारी झुग्गियां इस इलाके में कैसे बन गई। उन्होंने कहा कि इसमें किसी विभाग की लापरवाही हुई है या नहीं इसकी भी जांच की जाएगी।

# सरकारी कंपनी की बिजली सप्लाई से रोशन होगा जेवर एयरपोर्ट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा के पास स्थापित हो रहा जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश की बिजली कंपनी की बिजली सप्लाई से रोशन होगा। जेवर एयरपोर्ट के लिए उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन (UPPCL) ने भारी भरकम विद्युत भार स्वीकृत किया है। एशिया के सबसे बड़े जेवर एयरपोर्ट के लिए (UPPCL) ने 19.5 एमवीए का लोड स्वीकृत कर दिया है। जेवर एयरपोर्ट को दी जाने वाली बिजली की आपूर्ति के लिए (UPPCL) 33 केवीए की लाइन बिछाने का तेजी से कर रही है।

जेवर एयरपोर्ट को बिजली की आपूर्ति के काम की एक बैठक में व्यापक समीक्षा की गई। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंधक निदेशक ईशा दुहन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) जेवर एयरपोर्ट के विकास कर्ता यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड, लाइन निर्माण संस्थाओं के प्रतिनिधि, पारेषण तथा वितरण निगम के अधिकारियों से वार्ता की। जेवर एयरपोर्ट को विद्युत आपूर्ति के लिए पविविनिलि 33 केवी लाइनों का निर्माण कर रहा है।




जेवर एयरपोर्ट को बनाने वाली कंपनी ज्यूरिख इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की सहायक कंपनी, यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिसटोफ शेनलमैन ने वितरण निगम से 19.5 एमवीए विद्युत भार स्वीकृत कराया है। उक्त विद्युत भार चार चरणों में निर्गत किया जाना है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को गुणवत्तापरक, विश्वसनीय और निर्बाध बिजली आपूर्ति दो पृथक-पृथक सोर्स से 33 केवी लाइनों के माध्यम से की जाएगी।

पहली 33 केवी लाइन 220 केवी बिजली उपकेंद्र यीडा सेक्टर-18 से एयरपोर्ट के ईस्ट सबस्टेशन तक होगी इसकी लंबाई लगभग 22.11 किलोमीटर है। दूसरी 33 केवी लाइन, 220 केवी उपकेंद्र जेवर से एयरपोर्ट के ईस्ट सबस्टेशन तक है। इसकी लंबाई 18.481 किलोमीटर है। पारेषण स्कंध द्वारा 33 केवी बे का निर्माण (करंट ट्रांसफार्मर, सर्किट ब्रेकर आदि) प्राथमिक उपकेंद्रों पर कराया जा रहा है। शासन से वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा कार्यदायी संस्था का चयन कर 33 केवी लाइन निर्माण कार्यों को आरंभ करा दिया गया है। 15 जून तक कार्य पूरा करने का लक्ष्य है।

